# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 14 मई 2026




सुप्रीम कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

# हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीका, आस्था साबित करने मंदिर जाना जरूरी नहीं

## सबरीमाला समेत अन्य धार्मिक स्थानों में भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हिंदू धर्म जीवन जीने का एक तरीका है, जहां इसमें आस्था रखने वालों के लिए मंदिर जाना अनिवार्य नहीं है। भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अगुवाई वाली 9 जजों की संवैधानिक बेंच में यहां तक कहा गया कि हिंदू धर्म में आस्था होने के लिए अपनी झोपड़ी में दीपक जलाना भी काफी है। सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संविधान पीठ केरल के सबरीमाला मंदिर समेत अन्य धार्मिक स्थानों में महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई हो रही है। इसी के साथ यह बेंच दाऊदी बोहरा और अन्य संप्रदायों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक आजादी के दायरे पर भी सुनवाई कर रही है।

### सुप्रीम कोर्ट में सवाल हिंदू कौन है

बुधवार को इस मामले की सुनवाई का 15वां दिन था। रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान याचिकाकर्ता के एक वकील डॉ जी मोहन गोपाल ने यह कहकर अपना पक्ष रखा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से ही सामाजिक न्याय की मांग उभर रही है। उन्होंने कहा, 'हिंदू धर्म को एक धार्मिक श्रेणी के रूप में परिभाषित किया गया था। उसके बाद 1966 में यह पाया गया कि हिंदू वह है, जो सभी धार्मिक और दार्शनिक मामलों में वेदों की सर्वोच्चता स्वीकार करता है। उन्होंने हमसे नहीं पूछा। हम में से किसी ने कभी ऐसा नहीं कहा।'

### 'हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं'

गोपाल ने सवाल करते हुए कहा, 'अब मेरे मन में वेदों के प्रति सर्वोच्च सम्मान और गहरी आस्था है। लेकिन,क्या यह सच है कि आज हर व्यक्ति जिसे हिंदू माना गया है, वेदों की सर्वोच्च सत्ता को सभी आध्यात्मिक और दार्शनिक मामलों में स्वीकार करता है?' इसपर जस्टिस बीवी नागरत्ना ने जवाब में कहा- इसी कारण हिंदू धर्म को जीवन जीने का एक तरीका कहा जाता है। एक हिंदू के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि मंदिर जाए या हिंदू बने रहने के लिए कोई अनुष्ठान करे।



### 'झोपड़ी के अंदर दीपक जलाना भी पर्याप्त'

जस्टिस नागरत्ना ने यहां तक कहा कि किसी को भी कर्मकांडी होने की जरूरत नहीं है और न ही कोई किसी की आस्था के बीच में आ सकता है। इसकी और खुली व्याख्या करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- अगर एक व्यक्ति अपनी झोपड़ी के अंदर एक दीपक भी जलाता है तो यह उसे अपना धर्म साबित करने के लिए पर्याप्त है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि कोई भी समूह धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का इस्तेमाल करके संविधान के भाग-3 में दिए गए मौलिक अधिकारों से अलग नहीं हो सकता। उन्होंने अदालत से कहा कि धर्म के अधिकार के नाम पर किसी दूसरे व्यक्ति के बुनियादी नागरिक अधिकारों को नहीं छीना जा सकता।

### पहले भी आपत्ति जता चुका है सुको

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट यह तक कह चुका है कि अगर लोग संवैधानिक अदालत में धर्म से जुड़े मामलों या प्रत्येक धार्मिक रिवाजों पर सवाल करना शुरू कर दंगे तो सैकड़ों याचिकाएं आ जाएंगी और इसकी वजह से हर धर्म टूट जाएगा।

### महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक को हटाया

सितंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने 4-1 के बहुमत से ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए सबरीमाला अयप्पा मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक को असंवैधानिक करार देते हुए प्रतिबंध को हटा दिया था। कोर्ट नेफैसला सुनाया था कि सदियों पुरानी हिंदू धार्मिक प्रथा अवैध और असंवैधानिक थी। अब इसी फैसले सहित धार्मिक स्वतंत्रता और समानता से जुड़े व्यापक मुद्दों पर नौ जजों की बड़ी पीठ सुनवाई कर रही है।

---

## उखड़ गए सैकड़ों पेड़, बिजली के खंभे और साइन बोर्ड

# उत्तर प्रदेश में कुदरत का कहर, 100 की स्पीड से चली आंधी, 52 लोगों की मौत




एजेंसी ▶▶| लखनऊ

वायुमंडल के निचले क्षोभमंडल में वेस्ट यूपी के ऊपर चक्रवाती परिस्थिति बन गई। साथ ही दक्षिण राजस्थान से आ रही पुरवा की मदद मिलने से बुधवार को उत्तर प्रदेश में 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार तक आंधी है। नतीजतन प्रदेश में बुधवार को कुदरत का कहर टूट पड़ा। दोपहर बाद प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में आई भीषण आंधी और बारिश के कारण हुए हादसों में अब तक कुल 52 लोगों की मौत हो चुकी है।

आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि सैकड़ों पेड़, बिजली के खंभे और साइन बोर्ड उखड़ गए, जिससे यातायात और बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। अवध क्षेत्र में भी आंधी का कहर बरपा, जहां सीतापुर में पेड़ गिरने से दो और रायबरेली में करंट लगने से एक किशोरी समेत 3 लोगों की मौत हो गई। रायबरेली के डलमऊ में रेलवे फाटक टूट गया और लालगंज में कार पर पेड़ गिर गया। मुरादाबाद मंडल के संभल में दीवार और पोल गिरने से महिला समेत दो लोगों की मौत हुई, जबकि अमरोहा में 8 लोग घायल हुए हैं। मंडल में 250 से अधिक बिजली के पोल गिरने से ग्रामीण इलाकों में ब्लैकआउट की स्थिति है।

### यहां दिखी सबसे ज्यादा तबाही

पूर्वांचल और प्रयागराज मंडल में सबसे ज्यादा तबाही देखने को मिली। भदोही में 10 और मिर्जापुर में एक वृद्ध समेत कुल 11 लोगों की जान चली गई। भदोही के औराई में मंदिर की दीवार गिरने से पूजा करने गई दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, प्रयागराज में शाम को आई आंधी ने 10 लोगों की जान ले ली, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के 7 और प्रतापगढ़ के 3 लोग शामिल हैं। सिद्धार्थनगर में भी टिनशेड गिरने की घटना के बाद एक बच्चे की मौत हो गई।

**मध्य यूपी और रुहेलखंड में हादसों का सिलसिला :** मध्य यूपी के जिलों में आंधी-तूफान ने 15 लोगों की बलि ले ली। इसमें अकेले फतेहपुर में सर्वाधिक 8 मौतें हुईं। इसके अलावा उन्नाव में तीन, हरदोई में दो और झांसी व कानपुर देहात में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। रुहेलखंड के बरेली मंडल में सुबह 11 बजे आई आंधी ने बदायूं में छह और बरेली में चार लोगों सहित कुल 10 लोगों की जान ले ली।

---

## तमिलनाडु विधानसभा फ्लोर टेस्ट, वोटिंग में मौजूद रहे 171 विधायक

# विजय सरकार ने पास की अग्नि परीक्षा, पक्ष में पड़े 144 वोट, डीएमके ने किया बहिष्कार

*तमिलनाडु में विजय थलापति ने अग्निपरीक्षा पास कर ली है। बुधवार को फ्लोर टेस्ट में विजय सरकार ने विश्वासमत हासिल कर लिया है। वोटिंग के वक्त सदन में मौजूद 171 विधायकों में से 144 ने टीवीके का समर्थन किया। टीवीके के पक्ष में 47 विधायकों वाली एआईडीएमके के 25 बागी विधायकों ने भी वोट किया, जबकि 22 ने विजय सरकार का विरोध किया। फ्लोर टेस्ट में 59 विधायकों वाली डीएमके ने वॉकआउट कर दिया, जबकि सदन मे मौजूद पीएमके के 4 और भाजपा के एक विधायक वोटिंग में शामिल नहीं हुए।*

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 118 का है। टीवीके ने 108 सीटों पर जीत हासिल की है। डीएमके को 59 सीटों पर जीत मिली है। एआईएडीएमके ने 47 सीटों पर जीत हासिल की है। कांग्रेस को 5 सीटें मिली हैं। पीएमके को चार सीटों पर विजय मिली थी। ऐसे में डीएमके के बहिष्कार के बाद सदन में बहुमत का आंकड़ा और कम हो गया था। ऐसे में विजय का फ्लोर टेस्ट अब महज औपचारिकता रह गई थी।

एआईडीएमके के 25 बागी विधायकों ने टीवीके को दिया समर्थन



### यूं मिला बहुमत का आंकड़ा

विजय की सरकार को कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके, आईयूएमएल और एएमएमके का समर्थन हासिल था। दूसरी तरफ बीजेपी के उधगमंगलम से जीते एकमात्र विधायक भोजराजन एम ने न्यूट्रल रुख अपनाया। गौरतलब है कि राज्य में 23 अप्रैल को वोटिंग हुई थी और 4 मई को नतीजे आए थे। विजय की पार्टी 108 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी थी।

### टीवीके के समर्थन में एआईएडीएमके के विधायक

एआईएडीएमके के 24 विधायकों ने विजय सरकार के समर्थन में वोट डाले. वहीं एक एआईएडीएमके विधायक वोटिंग से गायब रहे. इसके अलावा 5 विधायक न्यूट्रल रहे। पीएमके के 4 और बीजेपी के एक विधायक ने न्यूट्रल रुख अपनाया। एआईएडीएमके के महासचिव ई के पलनासामी ने विजय सरकार के विश्वासमत का विरोध किया था। हालांकि, पार्टी के विरोधी नेता एस पी वेलुमनी ने टीवीके सरकार के समर्थन का ऐलान किया।

### एन. रंगासामी 5वीं बार पुडुचेरी के बन सीएम



एन. रंगासामी 5वीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री बने हैं। उप-राज्यपाल कैलाश नाथन ने लोक भवन में उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी मौजूद रहे। रंगासामी के अलावा भाजपा के ए नमस्सिवायम और एआईएनआरसी नेता मल्लादी कृष्णा राव ने मंत्री पद की शपथ ली। नमस्सिवायम 2021 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। पिछली पुडुचेरी सरकार में वे गृह मंत्री थे। 4 मई को आए पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के परिणामों में रंगासामी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को 30 में से 16 सीटें मिली थी।

### विजय ने 24 घंटे में ज्योतिषी को ओएसडी से हटाया

तमिलनाडु में फ्लोर टेस्ट पास करने के कुछ घंटे बाद ही मुख्यमंत्री विजय ने ज्योतिषी राधन पंडित को स्पेशल ड्यूटी ऑफिसर (ओएसडी) पद से हटा दिया। विजय ने पद से हटाने के 24 घंटे पहले ही उन्हें जिम्मेदारी दी थी, लेकिन विपक्ष और सहयोगी पार्टियों के विरोध के बाद फैसला वापस लेना पड़ा। राधन लंबे समय से विजय के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने विजय के मुख्यमंत्री बनने की भविष्यवाणी की थी। उनकी सलाह पर ही 10 मई को विजय के शपथ ग्रहण का समय भी बदला गया था। राधन ज्योतिषी होने के साथ टीवीके के प्रवक्ता भी रहे हैं। टीवीके की सहयोगी पार्टी एमजेके के प्रमुख थमीमुन अंसारी ने विधानसभा में कहा कि निजी तौर पर कोई ज्योतिष में विश्वास रखता है तो यह उसकी पसंद हो सकती है, लेकिन सरकार में ज्योतिष नहीं आना चाहिए। डीएमके महासचिव और विधायक प्रेमलता विजयकांत ने भी एक ज्योतिषी को मुख्यमंत्री का ओएसडी बनाए जाने को निंदनीय बताया है। डीएमके प्रवक्ता टीकेएस एलंगोवन ने कहा था- अब से विधानसभा की कोई भूमिका नहीं रह गई है। सिर्फ समय (मुहूर्त) ज्योतिषियों द्वारा बताया जाएगा। एक ज्योतिषी सिर्फ भविष्यवाणी कर सकता है।

---

## ब्रिक्स : भारत पहुंचे ईरान के विदेश मंत्री अराघची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इनई दिल्ली


पश्चिम-एशिया संकट के बीच गुरुवार से राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित की जाने वाली ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची नई दिल्ली पहुंच गए हैं। भारत में ईरान के दूतावास ने यह जानकारी दी है।



जिसमें बताया कि नई दिल्ली पहुंचने पर हवाई अड्डे पर विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पीएआई) आनंद प्रकाश ने ईरान के विदेश मंत्री का स्वागत किया। अमेरिका के साथ युद्ध के जटिल और तनावपूर्ण माहौल में यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। जिसके पूर्व में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच टेलीफोन के माध्यम से कई बार बातचीत हो चुकी है। जिसमें दोनों देशों के आपसी सहयोग और उसके साथ ही क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई। ब्रिक्स की स्थापना वर्ष 2006 में की गई थी। लेकिन वर्ष 2024 में इसका विस्तार किया गया और उसमें ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मिस्र और इथोपिया जैसे देशों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

# खरीफ की 14 फसलों पर एमएसपी बढ़ी, धान सूरजमुखी, कॉटन के किसान होंगे लाभान्वित

पीएम मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल समिति में फैसला



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने मार्केटिंग सीजन 2026-27 की 14 खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का ऐलान किया है। सरकार ने सबसे अधिक सूरजमुखी के बीज के लिए एमएसपी को 622से बढ़ाकर 8,343 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। कॉटन के लिए एमएसपी को 557 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाकर 8,267 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। धान के लिए 2,441 रुपए प्रति क्विंटल, बाजरा के लिए 2,900 रुपए प्रति क्विंटल और रागी के लिए एमएसपी को 4,886 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 5,205 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है।

### भारत में अगले 200 वर्षों के लिए कोयला भंडार मौजूद

कैबिनेट में 37,500 करोड़ रुपए से कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने की एक योजना को भी मंजूरी दी गई है। वैष्णव ने कहा कि कोयला गैसीकरण का निर्णय अहम है। गैस की आवश्यकता और भू-राजनीतिक स्थिति के अनुसार आत्मनिर्भर कैसे बनें? उन्होंने कहा कि भारत में कोयले का प्रचुर भंडार है। अगले 200 वर्षों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत के पास पर्याप्त कोयला है। तो क्या हम उस कोयले का उपयोग करके गैस का उत्पादन कर सकते हैं? इस दिशा में अच्छा प्रयास किया जा रहा था और आज एक निर्णय लिया गया है- कोयला गैसीकरण योजना। कोयले से गैस का उत्पादन और फिर उस गैस से उर्वरक, कोयले से गैस का उत्पादन और फिर उस गैस से बिजली, कोयले से गैस का उत्पादन और फिर उस गैस से विभिन्न प्रकार के रसायन होंगे।

## जंग में तैनात यूक्रेनी सैनिकों की हालत हुई बहुत खराब

# नहीं मिल रहा खाना, बारिश का पानी पीकर रह रहे

एजेंसी ▶▶| कीव



यूक्रेन और रूस की लड़ाई ने यूक्रेन में फूड सप्लाई चेन को बुरी तरह ध्वस्त कर दिया है। यूक्रेन की ओर से लड़ रहे कई सैनिकों को 10 से 15 दिनों तक खाना नहीं मिल रहा है। चार बेहद दुबले-पतले सैनिकों की दर्दनाक याचिकाओं और उनकी तस्वीरों ने अप्रैल के अंत में यूक्रेन में तहलका मचा दिया था। बताया गया कि ये सैनिक फ्रंटलाइन पर 17 दिनों तक बिना खाने के रह गए थे और कई महीनों से उनकी छुट्टी या रोटेशन नहीं हुई थी। ये सैनिक बिना भोजन के ड्यूटी पर तैनात थे। स्थिति ऐसी हो गई थी कि ये सैनिक भूख से बेहोश हो रहे थे और बारिश का पानी पी रहे थे। यूक्रेन में जंग के मोर्चे पर तैनात सैनिकों की कहानियों पर अल जजीरा ने एक लंबी रिपोर्ट जारी की है।

### 'सैनिक भूख से हो रहे थे बेहोश

यूक्रेन के ये लड़ाके दक्षिण-पूर्वी डोनेट्स्क इलाके में ओस्किल नदी के पास एक स्थान पर छिपे हुए थे। रूसी बमों ने इन सैनिकों के ब्रिगेड पर बमों से हमला किया था और एक अहम पुल को तोड़ दिया था। अनास्तासिया सिलचुक जिनके पति 14वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड में काम करते हैं, ने 22 अप्रैल को सोशल मीडिया पर कहा, 'सैनिक भूख से बेहोश हो रहे थे, वे बारिश का पानी पीने को मजबूर थे। ओलेक्जेंडर नाम के एक सैनिक ने अल जजीरा को बताया कि उसने अपने देश के लिए लड़ते हुए भूख की पीड़ा को महसूस किया है।

### तस्वीर वायरल होते ही निकाला नौकरी से

इन कमजोर सैनिकों की तस्वीरें वायरल होने के कुछ दिनों बाद यूक्रेनी ब्रिगेड के अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि 'रोटी से लेकर अलग किए गए जनरेटर तक... हर चीज की डिलीवरी हवाई रास्ते से की जाती है' और रूसी सेना ड्रोन को रोकती है, मार गिराती है।' हालांकि इस तस्वीर के वायरल होने के बाद यूक्रेन ब्रिगेड के कमांडिंग ऑफिसर को नौकरी से निकाल दिया गया। बता दें, यूक्रेन और रूस की लड़ाई को 4 वर्षों से ज्यादा समय गुजर गए हैं। दोनों पक्षों को इन 4 वर्षों में भारी नुकसान हुआ है।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



### कंपनी के अधिकारी को सौंपेंगे ज्ञापन

विनोद उपाध्याय ने यह भी कहा कि पेट्रोल-डीजल उपलब्ध नहीं कराने के कारण पंप बंद हो रहे हैं। पेट्रोल-डीजल लेने के लिए लोगों को भी भटकना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कंपनी के अधिकारी को कल ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। इस ज्ञापन के जरिए मांग की जाएगी कि ड्राई होने से पहले पंपों में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति की जाए।

*अमेरिका-ईरान युद्ध का असर अब वाहन ईंधन पर साफ नजर आने लगा है। रायपुर, बिलासपुर, बस्तर समेत कई शहरों में आपूर्ति गड़बड़ाने से पेट्रोल पंप सूखने लगे हैं। रायपुर जिले में बुधवार को 20 पेट्राल पंप बंद रहे और 30 में ड्राई के हालात हैं। बिलासपुर में भी चार पंपों पर ताले लगे रहे। बस्तर की स्थिति भी ठीक नहीं है। इधर, प्रशासन का दावा है कि हालात काबू में हैं। किल्लत की स्थिति नहीं है। सप्लाई में देर होने की वजह से ऐसे हालात बने हैं,पर यह सामान्य हो जाएगा।*

# अब फूटा पेट्रोल-डीजल बम

**रायपुर जिले के 297 में 20 से ज्यादा पेट्रोल पंप बंद**

**30 से ज्यादा पंपों में ड्राई की स्थिति**

## रायपुर, बस्तर, बिलासपुर में कई पंप बंद, सैकड़ों में ड्राई के हालात

**हरिभूमि की अपील: घबराएं नहीं... जरूरत के मुताबिक खरीदें पेट्रोल-डीजल, जल्द सामान्य होंगे हालात**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित जिले के अन्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति प्रभावित होने से पेट्रोल पंपों पर इसका असर पड़ना शुरू हो गया है। आपूर्ति कम होने से विभिन्न कंपनियों के कई पेट्रोल पंपों में पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया है, जिसके कारण संचालकों ने पंपों को बंद कर दिया है। वहीं कई पेट्रोल पंपों में ड्राई की स्थिति बनी हुई है। इन पेट्रोल पंपों में पेट्रोल-डीजल का स्टॉक एक-दो दिन का ही बचा हुआ है। पेट्रोल-पंपों में पेट्रोल-डीजल की किल्लत को देखते हुए अब लोग भी पैनिक होने लगे हैं, जिसके कारण बाकी पेट्रोल पंपों ▶▶|शेष पेज 5 पर

### पैनिक होने की जरूरत नहीं

*पैनिक होने की जरूरत नहीं है। कंपनियां लगातार पेट्रोल पंपों में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति करा रही हैं। इसकी निगरानी भी की जा रही है। कहीं-कहीं जरूर देर हो रही है, जिससे ड्राई की स्थिति बनी है। एक-दो दिन में बंद पंपों में भी स्थिति सामान्य हो जाएगी।*

*- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक*

**केस :1** वीरभद्रनगर स्थित पेट्रोल पंप बंद रहा

**केस : 2** शंकरनगर स्थित मुख्य रोड पर संचालित पेट्रोल पंप बंद रहा

**केस : 3** सुंदरनगर में भी पेट्रोल पंप बंद रहा

### डिमांड से आधा पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति, इसलिए कई पंप हुए बंद

*हिन्दुस्तान पेट्रोल पंप (एचपीसीएल), इंडियन ऑयल कार्पोरेशन (आईओसीएल) एवं भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) कंपनियों के कई पेट्रोल पंपों में पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया है। इनमें ग्रामीण क्षेत्र के कुछ पंपों में एक-दो दिन पहले ही पेट्रोल-डीजल खत्म हो चुका है, वहीं कई पंप में बुधवार को खत्म हो गया। इसके कारण पंप संचालकों ने इसकी सूचना चस्पा कर पेट्रोल पंप बंद कर दिए हैं। हालांकि प्रशासनिक सूत्र से जानकारी मिली है कि जिले में विभिन्न कंपनियों के संचालित 297 पेट्रोल पंप हैं। इनमें से लगभग 20 पेट्रोल पंप खाली होने के कारण बंद हैं, वहीं शेष 277 पंपों में अभी भी पेट्रोल-डीजल का स्टॉक है। हालांकि दूसरी ओर भारत पेट्रोल पंप एसोसिएशन के विनोद कुमार उपाध्याय का कहना है कि हर कंपनी के पेट्रोल पंप में खपत और डिमांड की तुलना में तेल की आधी आपूर्ति की जा रही है। वहीं डिमांड करने के कई दिनों बाद आपूर्ति कराई जा रही है, जिसके कारण पंप बंद होने लगे हैं। उनका कहना है कि जिलेभर में लगभग 20 से ज्यादा पंप बंद हैं, वहीं दूसरे पंपों में भीड़ बढ़ने से 30 से ज्यादा पंपों में ड्राई की स्थिति भी बनी हुई है।*





### कई जिलों के पंपों में दिखी भीड़

राज्य के ज्यादातर हिस्सों में फिलहाल पेट्रोल डीजल की सप्लाई सामान्य है। कुछ जिलों में पंपों में अफवाह के चलते भीड़ है। कई जिले में बिल्कुल सामान्य स्थिति है। पेट्रोल और डीजल दोनों ही मिल रहे हैं। दुर्ग-भिलाई में यह अफवाह उड़ी थी कि डीजल-पेट्रोल के दाम न सिर्फ बढ़ने वाले हैं बल्कि आने वाले दिनों में सप्लाई भी बाधित होने वाली है, लेकिन पंपों में ऐसी स्थिति देखने को नहीं मिला। निर्बाध रूप से पेट्रोल और डीजल दोनों मिलता रहा। राजनांदगांव और कर्वधा जिले में भी स्थिति सामनान्य नजर आई। धमतरी में भी स्थिति सामान्य रही। पंपों में पहले की ही तरह आराम से पेट्रोल-डीजल मिला। यहां तक कि भीड़ भी नजर नहीं आई। महासमुंद जिले में जरूर पंपों में भीड़ दिखी। यही स्थिति जगदलपुर में देखने को मिली, जहां अफवाह के चलते पंपों में कतारें नजर आई। ▶▶|शेष पेज 5 पर

### प्रधानमंत्री की अपील का गलत मतलब निकालकर पैनिक हो रहे लोग

इधर छत्तीसगढ़ पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिल धकड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील है कि पेट्रोल-डीजल का कम उपयोग करें। इस अपील को लोग यह समझ बैठे हैं कि आगामी दिनों में पेट्रोल-डीजल का संकट और गहराएगा, जबकि ऐसा नहीं है। युद्ध का असर जरूर पेट्रोल-डीजल पर पड़ा है, लेकिन आपूर्ति ▶▶|शेष पेज 5 पर

### बलौदाबाजार के पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें

बलौदा बाजार जिले के कई इलाकों में पेट्रोल पंपों पर अचानक वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए पेट्रोल पंपों पर पहुंचे, जिससे कई जगहों पर जाम जैसी स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अपील ▶▶|शेष पेज 5 पर

## स्टेट गैरेज की गाड़ियों पर हर साल 15 करोड़ से ज्यादा पेट्रोल-डीजल पर खर्च

**कई अफसरों के पास तीन से पांच वाहन**

देश में ईंधन संकट के बीच छत्तीसगढ़ में भी पेट्रोल-डीजल बचाने की कवायद शुरु हो गई है। लेकिन इससे अलग सरकारी गाड़ियों पर खर्च हो रहे ईंधन की कहानी कुछ और है।

### अब कारकेड में भी होगी कटौती

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

*सरकार के स्टेट गैरेज के पास 200 से अधिक गाड़ियां हैं। इन पर पेट्रोल डीजल के रूप में सालाना करीब 15 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं, यही नहीं कई अधिकारी ऐसे भी हैं जिनके बारे में बताया गया है कि इनके पास 3 से लेकर पांच वाहन हैं, ये लोग स्टेट गैरेज से एक गाड़ी लेकर अपने विभाग की 2 -3 गाड़ियों का इस्तेमाल लंबे समय से कर रहे हैं। कुछ अधिकारी वाहन के पात्र नहीं है, फिर भी*



*इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। राज्य में शासकीय वाहनों का आवंटन एवं पात्रता की बात करें तो स्टेट गैरेज द्वारा प्रशासकीय- गृह विभाग के मार्गदर्शन में शासकीय वाहनों का आवंटन किया जाता है। मुख्यमंत्री, मंत्रियों, मंत्रालय में पदस्थ प्रशासनिक सेवा के उच्च अधिकारियों संयुक्त* ▶▶|शेष पेज 5 पर

### ईंधन संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री का आह्वान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में संभावित ईंधन बचाने के लिए लगातार दूसरे दिन आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि उनके आधिकारिक भ्रमणों के दौरान अब केवल अत्यावश्यक वाहनों को ही कारकेड में शामिल किया जाएगा। साथ ही मंत्रियो तथा विभिन्न निगम-मंडलों के पदाधिकारियों से भी वाहनों एवं अन्य सरकारी संसाधनों के संयमित उपयोग का आग्रह किया गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शासकीय परिवहन व्यवस्था को अधिक पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में भी कार्य करेगी। इसके तहत समस्त शासकीय वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में परिवर्तित करने की दिशा में ठोस कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल ईंधन की बचत करेगा, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों से सार्वजनिक परिवहन का अधिकाधिक ▶▶|शेष पेज 5 पर

### कौन कितना ईंधन उपयोग कर सकता है

जिन मंत्रियों, अधिकारियों को सरकारी गाड़ियां दी गईं है, उनके लिए पेट्रोल डीजल खर्च करने की लिमिट भी तय है। यह इस प्रकार है, मुख्यमंत्री 600 लीटर प्रतिमाह, मंत्री 600 लीटर, मंत्रालय में पदस्थ अधिकारियों के वाहनों के लिए यह सीमा 250 लीटर की है, मंत्रालय के पूल वाहनों के लिए 375 लीटर प्रति माह ईंधन खर्च करने की अनुमति है।

### सीएम के कारकेड में कम हुई गाड़ियां 13 की जगह आठ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल डीजल बचाने की अपील पर छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या कम कर दी है। आज रायपुर में हो रही बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में सीएम साय छोटे काफिले के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां कहा- सुरक्षा ▶▶|शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण विमान बारामती में क्रैश, कोई हताहत नहीं

**पुणे।** एक निजी कंपनी द्वारा संचालित प्रशिक्षण विमान बुधवार सुबह तकनीकी खराबी आने के बाद महाराष्ट्र में पुणे जिले के बारामती में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आयी और विमान में सवार एकमात्र प्रशिक्षु पायलट बारामती हवाई पट्टी के निकट स्थित गोजुबावी गांव के पास हुई इस घटना के बाद सुरक्षित बाहर आ गया।

### हवाई अड्डे पर चार करोड़ का मादक पदार्थ बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से आए एक भारतीय यात्री के पास से चार करोड़ रुपए मूल्य का चार किलोग्राम से अधिक संदिग्ध मारिजुआना बरामद किया है। साथ ही कथित तौर पर यह खेप लेने आए एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। यात्री 12 मई को हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर पहुंचा था ।

### बेकाबू कार के टकराने से दो की मौत, चार जख्मी

**कौशांबी।** कौशांबी जिले के सैनी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर एक अनियंत्रित कार के डिवाइडर से टकराने से दो लोगों की मौत हो तथा चार अन्य घायल हो गये। 12 और 13 मई की दरम्यानी रात लगभग साढ़े 12 बजे सैनी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर कमासिन गांव के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकरायी जिससे उस पर सवार छह लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये।

**भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में राजनीतिक प्रस्ताव पास**

## नक्सल खात्मे के लिए मोदी-शाह का अभिनंदन महतारी पर विपक्ष की निंदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव पारित हुआ है। प्रस्ताव में कहा गया है कि भाजपा सरकार ने विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी के अधिकतर बड़े वादों को पूरा किया है। भाजपा की यह प्रदेश कार्यसमिति विश्वास दिलाती है कि छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता द्वारा भाजपा के प्रति सतत दिखाए विश्वास पर हमेशा खरा उतरेगी। साथ ही यह भी कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में पिछली सरकार ने जिस तरह अपने कथित 'जन घोषणा पत्र' के किसी भी वादे को पूरा नहीं किया था, उससे समूचे राजनीतिक तंत्र के प्रति ही जनता में अविश्वास हो गया था। इस अविश्वास के विरुद्ध भाजपा सरकार ने 'विश्वास वर्ष' घोषित कर अपने वादे पूरे किए।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पेश किया। प्रस्ताव का समर्थन वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी ने किया। बैठक में नक्सल उन्मूलन से लेकर देश के विभिन्न राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव ▶▶|शेष पेज 5 पर

### भाजपा आज देश के हर कोने में स्वीकार्य दल

*राजनीति प्रस्ताव में कहा गया कि भाजपा की यह प्रदेश कार्यसमिति विश्वास दिलाती है कि छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता द्वारा भाजपा के प्रति सतत दिखाए विश्वास पर हमेशा खरा उतरेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' का स्वप्न साकार करने 'विकसित छत्तीसगढ़' बनाने भाजपा कृतसंकल्पित है। भाजपा पर देश की जनता के लगातार बढ़ते विश्वास का परिणाम ही हाल में आए पांच राज्यों के चुनाव में भी परिलक्षित हुआ है। भाजपा आज देश के हर कोने में एकमात्र सर्व-स्वीकार्य दल के रूप में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह राष्ट्रीय विचारधारा का स्वर्णयुग है।*

**नीट पेपर लीक मामला**

## सीबीआई ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया, प्रदर्शन तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीआई ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और देश भर में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। परीक्षा रद्द किए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज होने के साथ ही शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी उठी है। नीट-यूजी 2026 परीक्षा के संचालन में 'प्रणालीगत विफलता' का आरोप लगाते हुए ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन फेडरेशन (एफएआईएमए) ▶▶|शेष पेज 5 पर

### जयपुर से आरोपी गिरफ्तार

सीबीआई ने जयपुर से मंगीलाल बिंवाल, विकास बिंवाल और दिनेश बिंवाल, गुरुग्राम से यश यादव और नासिक से शुभम खैरनार को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि कई अन्य संदिग्धों से विभिन्न शहरों में पूछताछ की जा रही है और उन्हें बाद में गिरफ्तार किया जा सकता है।

**पिछले साल से गिरावट, छात्राओं ने मारी बाजी**

## सीबीएसई 12वीं में 85 फीसदी छात्र उत्तीर्ण, 18वें स्थान पर रायपुर रीजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस साल 85 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। परिणाम से पता चलता है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का प्रतिशत तीन प्रतिशत से अधिक कम हो गया है। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि 85 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। कुल 94,028 बच्चों (कुल विद्यार्थियों का 5.32 प्रतिशत) ▶▶|शेष पेज 5 पर



### इस साल भी बेटियों ने बाजी मारी

*सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा। इस साल लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86 फीसदी रहा, जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 82.13 फीसदी दर्ज किया गया। वहीं ट्रांसजेंडर छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 फीसदी रिजल्ट हासिल किया।*

### पहली बार ऑन स्क्रीन मार्किंग

सीबीएसई ने पहली बार 'ऑन स्क्रीन मार्किंग'(ओएसएम) के जरिए 12वीं कक्षा की उत्तर-पुस्तिकाओं का पूर्णरूपेण मूल्यांकन किया। अधिकारियों ने कहा कि जिन विद्यार्थियों का 'कंपार्टमेंट' आया है या जो एक विषय में अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं, वे 15 जुलाई को होने वाली अनुपूरक परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। आज घोषित परिणाम सीबीएसई की वेबसाइट या डिजिलॉकर पर देखा जा सकता है।

### रायपुर रीजन 18वें स्थान पर, 4.32% गिरा परिणाम

छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन इस बार सीबीएसई बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में विशेष अच्छा नहीं रहा है। रायपुर रीजन का प्रदर्शन बीते वर्ष की तुलना में खराब हुआ है। बीते वर्ष प्रदेश में बारहवीं कक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 85.20 प्रतिशत रहा था। इस बार 80.88 प्रतिशत छात्र ही रायपुर रीजन में उत्तीर्ण हो सके हैं। इस तरह से बीते सत्र की तुलना में इस बार रायपुर रीजन का परिणाम 4.32 प्रतिशत कम रहा है। गौरतलब ▶▶|शेष पेज 5 पर

**नोट गिनने की मशीन, मोबाइल जब्त, अवैधानिक वित्तीय लेन-देन के मिले सबूत**

## ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा रैकेट का भंडाफोड़, मिला एक करोड़ कैश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

रायगढ़ जिले में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी और उससे जुड़े आर्थिक अपराधों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई सामने आई है। रायगढ़ पुलिस ने एक संगठित सट्टा सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 करोड़ 2 लाख 81 हजार 300 नकद, नोट गिनने की मशीन, चार मोबाइल फोन तथा अन्य सामग्री सहित 1 करोड़ 3 लाख 86 हजार 300 की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क केवल ऑनलाइन सट्टेबाजी तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके जरिए ब्लैक मनी, हवाला कारोबार और करोड़ों रुपए के अवैध लेनदेन का ▶▶|शेष पेज 5 पर

- करन ने खड़ा किया दिल्ली से रायपुर-रायगढ़ तक ऑनलाइन सट्टे का साम्राज्य
- दो शागिर्द करते थे ब्लैक मनी को व्हाइट
- पुलिस ने ढहा दिया सट्टे के काले कारोबार का किला
- हवाला के जरिए बाहर भेजते थे रकम



### ऐसे हुआ करन की संलिप्तता का खुलासा

बीते 26 अप्रैल को पुलिस ने रायगढ़ शहर एवं घरघोड़ा क्षेत्र में ऑनलाइन आईपीएल सट्टा नेटवर्क पर एक साथ दबिश देकर 6 सटोरियों को पकड़ा था। इसमें सोनू देवांगन पिता रूपेन्द्र देवांगन 21 कोष्टापारा, हर्षित देवांगन पिता स्व0 अनन्त राम 24 कोष्टापारा, भरत गोयल पिता ▶▶|शेष पेज 5 पर

### इनकी हुई गिरफ्तारी

करन चौधरी उर्फ करन अग्रवाल पिता संजय चौधरी 29 निवासी ढिमरापुर चौक, पुष्कर अग्रवाल पिता सुनील अग्रवाल 26 और सुनील कुमार अग्रवाल पिता स्व. सूरजभान 58 निवासी फ्लैट नं 505 कृष्णा प्राइड टावर रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया है।

### आरोपियों से की गई जब्ती

1 करोड़ 2 लाख 81 हजार 300 रुपये नकद, एक नोट गिनने की मशीन, 4 मोबाइल फोन तथा अन्य सामग्री सहित कुल 1 करोड़ 3 लाख 86 हजार 300 की संपत्ति जब्त किया गया है।

दर्जनों गांव के लोगों का आवागमन प्रभावित

# बीच से दो टुकड़ों में बंटा फुलझर नदी के सुखाड़ नाला पर बना पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

अलग खबर

सूरजपुर जिले के अंतर्गत सोनगरा और खड़गवां के बीच सुखदेवपुर के समीप वर्षों पुराना पुल बीती रात धराशायी हो गया। भारी वाहनों के आवागमन से जर्जर हो चुका पुल अचानक ही बीच से दो टुकड़ों में बंट गया। गनीमत रही कि पुल टूटने के दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। फिलहाल पुल के टूट जाने से दर्जनों गावों का संपर्क टूट गया है। फिलहाल जिला प्रशासन द्वारा पुल को पूरी तरह से तोड़कर ह्युम पाइप पुलिया बनाने की योजना बनाई गई है ताकि हल्के वाहनों का आवागमन जारी रहे।

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखदेवपुर में फुलझर नदी के सुखाड़ नाला पर पुल का निर्माण कराया गया था। इस पुल का निर्माण एसईसीएल द्वारा दी गई राशि से वर्ष 2015-16 में पुल का निर्माण कराया गया था और उस समय निर्माण एजेंसी सेतु निगम थी। इस पुल का उपयोग मुख्यरूप से एसईसीएल द्वारा ही किया जा रहा था। महान 3 से निकलने वाले कोयला परिवहन के लिए पुल का उपयोग किया जाता था। इसके साथ ही यह सड़क और पुल सोनगरा से बोझा होते हुए धरमपुर के पास निकलती है जिसपर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोगों का आवागमन भी होता है। लगातार भारी वाहनों के आवागमन से पुल काफी जर्जर हो गया था और लगातार क्षेत्रवासी पुल के मरम्मत की मांग कर रहे थे लेकिन इसपर ध्यान नहीं दिया गया। इस बीच बीती रात अचानक ही पुल दो टुकड़ों में बंट गया।

## कोयला परिवहन से जर्जर हुआ था पुल

### बनने में लगेगा वर्षों का समय

पुल के टूटकर गिरने के बाद क्षेत्र में आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो गया और दर्जनों गांव के लोगों का संपर्क टूट गया है। एसडीएम, एसईसीएल और लोनिवि के अफसरों ने निरीक्षण करने के साथ ही नुकसान का जायजा लिया। प्रशासन ने निर्णय लिया है कि फिलहाल इस पुल को पूरी तरह से तोड़कर ह्युम पाइप के साथ पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। इस पुलिया से बाइक व छोटे वाहनों का आवागमन हो सकेगा। फिलहाल गर्मी के समय तो इस मार्ग पर आवागमन किया जा सकता है लेकिन बारिश के समय यह मार्ग पूर्ण रूप से बंद हो जाएगा और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



### कोयला परिवहन भी प्रभावित

इस मार्ग व पुल का निर्माण सबसे अधिक कोयला परिवहन के लिए ही किया जाता था। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा इस पुल का निर्माण भी कोयला परिवहन के लिए ही किया गया था। अब पुल टूटने से कोयला परिवहन पूर्ण रूप से प्रभावित हुआ है और आने वाले दिनों में इस मार्ग पर आवागमन संभव भी नहीं है। बताया जा रहा है कि प्रशासन ने कोयला वाहनों को कल्याणपुर की तरफ से परिवहन करने को कहा गया है।

### कराएंगे पुलिया का निर्माण

क्षतिग्रस्त पुल का हमने एसईसीएल और लोनिवि के साथ निरीक्षण किया है। पुल को तोड़कर ह्युम पाइप पुलिया का निर्माण किया जाएगा ताकि आवागमन हो सके। पुल निर्माण हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। कोयला वाहनों का परिवहन कल्याणपुर की तरफ से करने के निर्देश दिए गए है।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर

## खबर संक्षेप

### कुहीमाल में धान का गबन प्रबंधक सहित 3 के खिलाफ एफआईआर

**राजनांदगांव।** जिले के छुरिया ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले कुहिमाल धान उपार्जन केंद्र में धान के बड़े गबन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। भौतिक सत्यापन के दौरान केंद्र में 2039 क्विंटल धान कम पाया गया। जिसकी कुल कीमत 62 लाख के करीब में आंकी जा रही है। सहकारिता विभाग की शिकायत पर पुलिस ने प्रबंधक सहित तीन जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 316-5 और 318 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। जिसमें हरनारायण रामटेके समिति प्रबंधक, धनेश्वर कंवर कंप्यूटर ऑपरेटर, रामकुमार मंडावी प्राधिकृत अधिकारी के नाम शामिल हैं।

### नकल मामले में केंद्राध्यक्ष समेत पांच निलंबित

**महासमुंद।** सेजेस भंवरपुर में बारहवी बोर्ड की परीक्षा के दौरान नकल मामले में लोक शिक्षण संचालनालय ने परीक्षा केंद्र में कार्यरत शाउमा विद्यालय बिछिया के केंद्राध्यक्ष गंगा पटेल, स्वामी आत्मानंद स्कूल भंवरपुर के सहायक केंद्राध्यक्ष अनिरुद्ध भोई, दिनेश दास , दुर्गाप्रसाद और भृत्य विजिया को निलंबित कर दिया है।

जशपुर पुलिस ने पीछा कर तस्करों को पकड़ा

# आम भरे कैरेट के नीचे से एक करोड़ से अधिक का 207 किलो गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

कांसाबेल थाना क्षेत्र अंतर्गत दोकड़ा चौकी पुलिस ने फिल्मी अंदाज में पीछा कर एक संदिग्ध पिकअप वाहन को पकड़ा। वाहन की तलाशी लेने पर कच्चे आम के कैरेट के नीचे छिपाकर रखा गया 2 क्विंटल 07 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए 1 करोड़ 13 लाख 60 हजार 550 रुपए का माल जब्त किया है। डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे चल ऑपरेशन आघात के तहत जिले में नशे के नेटवर्क को तोड़ने के लिए एंड-टू-एंड इन्वेस्टिगेशन जारी है। डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह को 12 मई को पुख्ता सूचना मिली थी कि सफेद रंग के पिकअप वाहन क्रमांक यूपी- 70- आरटी- 6633 में भारी मात्रा में गांजा भरकर ओडिशा के सुंदरगढ़ से उत्तरप्रदेश की ओर ले जाया जा रहा है। तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए गांजे के पैकेटों को कच्चे आम से भरी प्लास्टिक ट्रे के नीचे छिपा रखा था। सूचना मिलते ही चौकी दोकड़ा पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर ग्राम देवरी के पास नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहन का इंतजार शुरू किया गया।

## पिकअप में भरकर ओडिशा से उत्तरप्रदेश जा रहे थे आरोपी



### आम हटाने पर निकले गांजे के पैकेट

पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो ट्रॉली में प्लास्टिक कैरेट में भरे कच्चे आम दिखाई दिए। शुरुआत में वाहन फल परिवहन का लग रहा था, लेकिन पुलिस को शक हुआ। जब ट्रे हटाई गईं तो नीचे खाकी रंग की प्लास्टिक टेप से लिपटे गांजे के पैकेट मिले। गिनती करने पर कुल 207 पैकेट बरामद हुए, जिसका वजन 2 क्विंटल 7 किलो निकला। पुलिस ने मौके पर ही गांजा जब्त कर लिया।

### अब तक 3.24 करोड़ की नशा सामग्री जब्त

जशपुर पुलिस के अनुसार जनवरी 2026 से अब तक जिले में नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इस दौरान 744 किलो 227 ग्राम गांजा। 1840 नग प्रतिबंधित कफ सिरप। 8.04 ग्राम ब्राउन शुगर। 14 किलो गांजा पौधा जब्त किया गया है। इन मामलों में 27 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।



### एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

आरोपी के पास गांजे से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर चौकी दोकड़ा में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) (2) (सी) के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

### इनकी रही अहम भूमिका

पूरे ऑपरेशन में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अशोक यादव, प्रधान आरक्षक इग्नाशियूस एक्का तथा आरक्षक राकेश एक्का, जयप्रताप एक्का, रमेश मिंज और राजकुमार मनहर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जशपुर का आरोपी निकला तस्कर

पकड़े गए चालक ने पूछताछ में अपना नाम प्रेमनाथ सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम विमड़ा, थाना बगीचा, जिला जशपुर बताया। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह गांजा सुंदरगढ़ ओडिशा से लेकर आया था और इसे अंबिकापुर तक पहुंचाना था। वहां से दूसरा व्यक्ति वाहन लेकर उत्तरप्रदेश जाने वाला था। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। आशंका है कि यह अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह का हिस्सा है।

### किसी को नहीं छोड़ेंगे

पुलिस इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है। नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. लाल उमेद सिंह , डीआईजी एवं एसएसपी

सरकार से पूछा-प्रतिबंध के बाद भी बिक्री कैसे?

# बाजार में पॉलीथीन की बिक्री पर हाईकोर्ट नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में प्लास्टिक और पॉलिथीन के उपयोग, बिक्री, परिवहन और भंडारण पर प्रतिबंध के बावजूद इसके अनियंत्रित इस्तेमाल पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार से पूछा है कि प्रदेश में प्लास्टिक रेगुलेशन एक्ट 2020 और नियम 2023 लागू होने के बाद भी धड़ल्ले से प्रतिबंधित सामग्री कैसे बिक रही है। इस मामले में मुख्य सचिव को शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने के लिए कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। दरअसल रायपुर के रहने वाले नितिन सिंघवी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है, जिसमें बताया है कि राज्य शासन ने प्रदेश में प्लास्टिक कैरी बैग, डिस्पोजेबल कप, प्लेट, गिलास, चम्मच, स्ट्रॉ, थर्मोकॉल की सजावटी सामग्री, 200 मिलीलीटर से कम की पीईटी बोतलों और विज्ञापन में इस्तेमाल होने वाले फ्लेक्स-बैनर पर पूरी तरह रोक लगा रखी है। हालांकि दवाइयों की पैकेजिंग और 50 माइक्रोन से अधिक के दूध के पैकेट जैसी अनिवार्य वस्तुओं को नियमों के तहत कुछ छूट दी गई है।




डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट) बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हर्बल लेप शिव मस्सानाशक शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें। HMS


पुलिस, डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा एवं केरिपु बल की संयुक्त कार्रवाई

# माओवादियों के ठिकानों से 65.52 लाख कैश 8.20 केजी सोना जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

लगातार चलाए जा रहे सर्च अभियानों में माओवादी के ठिकानों और डंप किए गए स्थलों में एलएमजी, एसएलआर, कारबाइन रायफल सहित 32 हथियार एवं नक्सल सामग्री बरामद की गई है। वहीं वर्ष 2024 से अब तक सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कुल 517 हथियार बरामद किए जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार बीजापुर को नक्सलमुक्त घोषित करने के लक्ष्य के अनुरूप विशेष नक्सल उन्मूलन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में विगत एक माह से जिला पुलिस, डीआरजी, कोबरा एवं सीआरपीएफ के संयुक्त दलों ने सर्चिंग एवं एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। ग्रामीणों के सहयोग एवं सुदृढ़ सूचना तंत्र के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर नक्सलियों के जंगलों में छिपाकर रखे गए डम्प का पता लगाया गया। जहां भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक सामग्री एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। बताया गया कि 2025-26 में कुल 461 हथियारों की रिकवरी की जा चुकी है।



### घातक हथियार बरामद

पुलिस ने बताया कि बरामद हथियारों में एलएमजी रायफल 1,एसएलआर 4, कार्बाइन 1, 303 रायफल 5, 315 रायफल 1, सिंगल शॉट 5, 12 बोर 4, बीजीएल लांचर 7, 8 एमएम पिस्टल 1, विंटेज बोट एक्शन 1, बोल्ट एक्शन 2, एलएमजी मैग्जीन 1, एलएमजी बैरल 1, एसएलआर रायफल का मैग्जीन 5, 303 रायफल मैग्जीन 3, एके 47 रायफल का जिंदा कारतूस 33, एसएलआर रायफल का जिंदा कारतूस 219, इंसास रायफल का जिंदा कारतूस 1, 303 रायफल का जिंदा कारतूस 181, 315 रायफल का जिंदा कारतूस 118, पिस्टल जिंदा कारतूस 16, 12 बोर का जिंदा कारतूस 10 तथा बीजीएल सेल 84 नग। इसके अलावा विस्फोटक, उपकरण, टूल्स, मशीन उपकरण एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया है ।

### 100 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट एवं यूरिया को नष्ट किया

कार्रवाई के दौरान थाना पामेड़ क्षेत्रांतर्गत कवरगुट्टा के जंगलों में माओवादी डम्प से 40 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट एवं नेशनल पार्क एरिया से बरामद 100 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट एवं यूरिया को नष्ट किया गया। इस कार्यवाही से नक्सलियों की लॉजिस्टिक सप्लाई, हथियार आपूर्ति तंत्र एवं आईईडी निर्माण क्षमता को क्षति पहुँची है। मारे गए नक्सलियों के द्वारा जंगलों एवं दुर्गम इलाकों में हथियार, विस्फोटक सामग्री तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं छिपाकर रखे जाने की संभावना है।


हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA भर्ती सुविधा उपलब्ध शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ) वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी) सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम। फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक उपलब्ध सेवायें कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर डायबिटीज (मधुमेह) उपचार लिवर व किडनी रोग पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन थाइरॉयड सर्जरी हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप) ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश) गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304 17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

दक्षिका हेल्थ केयर & डायबिटिक सेंटर (डायबिटिक, थायरॉइड, ब्लड प्रेशर, ओबेसिटी, वैक्सीनेशन, हार्ट केयर) ADULT VACCINATION CENTER जहाँ Diabetes, Thyroid, Hypertension (Blood Pressure) का मिलता है Expert Care" ▪Better Experience ▪Fully Dedication ▪Accurate डॉ. दीपक जायसवाल MBBS, MD (General Medicine) PGDIC, CCEBDM (Diabetes), FICP Senior Consultant Physician & Diabetologist डॉ. नेहा रानी गुप्ता BDS, MDSDental Specialist (दंत सुविधा उपलब्ध) पता : शॉप नं. 14 एवं 15, ग्राउंड फ्लोर, EDGE COMPLEX मोवा रायपुर :9202222391, 8871865551, 7723068129

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट रविवार अवकाश क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट) स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified) फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल › प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001) फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037 लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेंडिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### हर बॉल पर मना जश्न, छाई 'विराट' दीवानगी

मैच शुरू होने के बाद जैसे ही केकेआर के खिलाड़ियों ने मैदान पर चौके-छक्के जड़ने शुरू किए, दर्शक दीर्घा में शोर चरम पर पहुंच गया। हर गेंद और हर बाउंड्री पर फैंस ने जमकर जश्न मनाया। पूरे मैच के दौरान स्टेडियम में 'विराट-विराट' के नारों से गूंजता रहा। फील्डिंग हो या बैटिंग, पूरे समय दर्शकों की निगाहें सिर्फ अपने चहेते स्टार विराट कोहली पर ही टिकी रहीं। कोलकाता ने शुरुवात से ही आक्रमक पारी खेलते हुए पावर प्ले में अच्छी बढ़ बनाई। कप्तान अजिक्य रहाणे और एफ़. एलन ने शुरुवात में 6 और चौको से मैच का उत्साह बढ़ा दिया। इधर आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार पावर प्ले में विकेट निकालने से सफल रहे।






रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बुधवार को खेले गए आईपीएल मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ बेंगलुरु पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई है। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 192 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु ने 19.1 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। बेंगलुरु के लिए विराट कोहली ने नाबाद 105 रन की पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। देवदत्त पडिक्कल ने 39 रन बनाए, जबकि जैकब बेथेल ने 15 रन का योगदान दिया। आखिर में जितेश शर्मा 8 रन बनाकर नाबाद लौटे। कोलकाता की ओर से कार्तिक त्यागी ने 3 विकेट लिए, जबकि सुनील नरेन को 1 सफलता मिली।



**विराट कोहली**
- 105 रन
- 60 गेंद
- 11 चौके
- 3 छक्के

कोहली ने सबसे ज्यादा 279 मैच खेलकर धोनी और रोहित को पीछे छोड़ा

टी20 क्रिकेट में 14000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बने कोहली

# 'विराट' शतक के साथ बेंगलुरु ने जीता मैच

## शाम 7 बजे तक कवर्स से ढका रहा मैदान, भीगकर भी स्टेडियम में डटे रहे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केकेआर ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद अंगकृष रघुवंशी (71 रन) की करियर की सर्वश्रेष्ठ अर्धशतकीय पारी और रिंकू सिंह के नाबाद 49 रन की मदद से चार विकेट पर 192 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इस जीत से आरसीबी 12 मैच में 16 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई जबकि केकेआर 11 मैच में नौ अंक से आठवें स्थान पर बरकरार है। कोहली ने इस दौरान आईपीएल में सबसे ज्यादा 279 मैच खेलकर एमएस धोनी और रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। वह टी20 क्रिकेट में 14000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय भी बने। 2023 सत्र के बाद यह उनका पहला शतक रहा। बारिश की वजह से मैच शुरू होने में 75 मिनट की देरी हुई। रायपुर के दर्शकों को सब्र का फल मिला और उन्हें कोहली की लाजवाब पारी देखने को मिली। पहले ओवर में अपनी पहली ही गेंद पर खाता खोलने के बाद उन्होंने खुशी से मुट्ठी भींची थी। अगले ओवर में उन्होंने वैभव अरोड़ा की गेंदों पर चार चौके जड़ दिए। कोहली जब 21 रन पर थे, तब रोवमैन पॉवेल ने उनका कैच छोड़ दिया था और अंत में केकेआर यह बहुत महंगा पड़ा। इसके बाद आरसीबी के सलामी बल्लेबाज ने कोई गलती नहीं की और 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने पडिक्कल के साथ मिलकर 92 रन की साझेदारी निभाने के बाद कुछ अविश्वसनीय शॉट खेलकर अपना ▶▶| शेष पेज 5 पर

### स्टेडियम में छाई रही आरसीबी की जर्सी

पूरे स्टेडियम में आरसीबी के फैंस का ही दबदबा नजर आया। महज 10 फीसदी दर्शक ही केकेआर की टी-शर्ट पहनकर अपनी टीम को सपोर्ट करने पहुंचे थे, जबकि बाकी पूरा स्टेडियम आरसीबी के समर्थन में 'लाल समंदर' में तब्दील नजर आया।





### गेट तोड़कर स्टेडियम में घुसी भीड़, सुरक्षाकर्मियों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

स्टेडियम के बाहर हंगामा हो गया। टिकट होने के बावजूद कई लोगों को एंट्री नहीं दी गई। इस दौरान भीड़ दीवार कूदकर स्टेडियम के अंदर जाने लगी। सुरक्षाकर्मियों ने कुछ लोगों दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। मीडिया वालों को वीडियो बनाने से भी रोका गया। गेट नंबर 2 पर भी बवाल हुआ। आखिरकार भीड़ बेकाबू हो गई और गेट तोड़कर स्टेडियम भी घुस गई। इनमें टिकट और बिना टिकट वाले लोग भी शामिल थे। पिछली बार की तरह इस मैच में भी अव्यवस्था देखने को मिली है।

### पश्चिम एशिया संकट का दिखने लगा असर

# सोना-चांदी खरीदने वालों को झटका

# आयात शुल्क 6 से हुआ 15 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*केंद्र सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6 फीसदी से बढ़ाकर 15फीसदी कर दी है। इस आदेश के बाद 13 मई को सर्राफा बाजार में सोना 8 हजार 500 रुपए और चांदी 20500 रुपए महंगी हो गई है। सरकार ने सोने पर 10फीसदी बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5 फीसदी एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस लगाया है। इस तरह कुल प्रभावी टैक्स 15फीसदी हो गया है। इससे पहले 2024 के बजट में वित्त मंत्री सीतारमण ने इंपोर्ट ड्यूटी 15फीसदी से घटाकर 6फीसदी की थी।*

सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण तेल एवं उर्वरक की अधिक खरीद से विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ रहे दबाव को रोकने और गैर-जरूरी आयात पर अंकुश लगाने के लिए सोने तथा चांदी पर आयात शुल्क बुधवार को बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपायों के आह्वान के बाद यह घोषणा की गई है। भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है जिनकी कीमतों में हाल के महीनों में निवेश सहित मांग में निरंतर वृद्धि के कारण उछाल आया है। कच्चे तेल के बाद सोने का भारत के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है और बढ़ती खरीद से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल बढ़ा है जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है। उच्च शुल्क के कारण सोने और चांदी की घरेलू कीमतों में वृद्धि होने के आसार हैं। सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि ▶▶| शेष पेज 5 पर

- सरकार ने आयात पर अंकुश लगाने और रुपए को सहारा देने बढ़ाया शुल्क

**ऐसा असर**

### सोना 8,550 रुपए चढ़ा, चांदी ने भी लगाई छलांग

सरकार के बहुमूल्य धातुओं पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत किए जाने के बाद बुधवार को स्थानीय बाजार में सोने की कीमत 8,550 रुपए बढ़कर 1.65 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गई। चांदी की कीमत 20,500 रुपए बढ़कर 2,97,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जो मंगलवार को 2,77,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 8,550 रुपए या पांच प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।

### आज से प्रभावी हो गया आयात शुल्क

- वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने लगभग 72 अरब अमेरिकी डॉलर का सोना आयात किया।
- वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में यह करीब 25 फीसदी ज्यादा है।



### अमूल, मदर डेयरी दूध दो रुपए महंगा

अमूल के बाद मदर डेयरी ने भी बुधवार को दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। दोनों कंपनी के नए दाम गुरुवार से लागू होंगे। अमूल और मदर डेयरी ने दूध के प्रमुख वेरिएंट और पैक पर कीमतें बढ़ाई हैं। गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मुताबिक, पशु आहार, पैकेजिंग और ईंधन की लागत बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया। अमूल का कहना है कि यह बढ़ोतरी 2.5% से 3.5% के बीच है।

### एयर इंडिया ने रद्द कर दी कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध और विमान ईंधन की ऊंची कीमतों के बीच अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती तथा छह मार्गों पर सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित करने की बुधवार को घोषणा की। घाटे में चल रही एयरलाइन ने कहा कि सेवाओं में किया गया यह नवीनतम फेरबदल जून-अगस्त अवधि के दौरान लागू रहेगा।

### सीबीआई प्रमुख सूद का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को सीबीआई प्रमुख प्रवीण सूद का कार्यकाल एक वर्ष के लिए और बढ़ा दिया। यह उनका दूसरा कार्यकाल विस्तार है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर सूद का कार्यकाल 24 मई, 2026 के बाद एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है।


## DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

A part of aisect india

Bilaspur, Chhattisgarh

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | NAAC Accredited University

(Accredited "A" Grade by NAAC)

### Ph.D. ADMISSION NOTIFICATION 2026–27

**in accordance with the UGC (Minimum Standards and Procedures for Award of Ph.D. Degree) Regulations, 2022**

Applications are invited for admission to the Ph.D. Programme (Full-Time / Part-Time) for the Academic Session 2026–27 in the following disciplines:

| S. No. | Subject | No. of Tentative Vacant Seats |
|---|---|---|
| 1 | Commerce | 16 |
| 2 | Management | 12 |
| 3 | Mathematics | 06 |
| 4 | Chemistry | 14 |
| 5 | Physics | 21 |
| 6 | Microbiology | 04 |
| 7 | Botany | 06 |
| 8 | Rural Technology | 05 |
| 9 | Computer Science | 05 |
| 10 | Information Technology | 05 |
| 11 | Civil Engineering | 10 |
| 12 | Mechanical Engineering | 12 |
| 13 | Electrical Engineering | 08 |
| 14 | Electronics & Communication Engg. | 16 |

| S. No. | Subject | No. of Tentative Vacant Seats |
|---|---|---|
| 15 | Computer Science Engineering | 19 |
| 16 | Education | 02 |
| 17 | Physical Education | 20 |
| 18 | Hindi | 10 |
| 19 | English | 17 |
| 20 | Sanskrit | 08 |
| 21 | Library & Information Science | 14 |
| 22 | Sociology | 13 |
| 23 | Geography | 10 |
| 24 | Political Science | 02 |
| 25 | History | 09 |
| 26 | Economics | 03 |
| 27 | Pharmacy | 06 |

**Eligibility:** Post Graduate Degree in the relevant subject with minimum 55% marks. A relaxation of 5% marks shall be provided to SC/ST/OBC (Non-Creamy Layer)/PwBD/EWS candidates as per UGC Ph.D. Regulations 2022.

**Admission Procedure:** Admission shall be made through Ph.D. Entrance Examination, followed by Interview / Research Proposal Presentation, in accordance with the UGC (Minimum Standards and Procedures for Award of Ph.D. Degree) Regulations, 2022.

Candidates qualified in UGC NET / CSIR NET / GATE / CEED / SET / SLET or any other national-level fellowship/eligibility test recognized by UGC may be considered for exemption from the Entrance Examination as per University norms.

**Application Procedure:** Application forms are available online on the University website www.cvru.ac.in and offline at the Admission Office / Research Cell of the University. The prescribed application fee is Rs. 5000/-, payable through cash or Demand Draft (DD payable at Bilaspur in favour of Dr. C. V. Raman University). **Last Date for Submission of Application Form: 15/06/2026**

***Note:** Final allocation of Ph.D. seats and admission of candidates shall be subject to the availability of recognized research supervisors and the recommendations of the Departmental Research Committee (DRC), as per UGC Ph.D. Regulations 2022.

**Entrance Exam Date: 19/07/2026**

**Venue: Dr. C.V. Raman University, Kargi Road Kota, Bilaspur (C.G.)**

Address for Sending the application:

**REGISTRAR, DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY**

Kargi Road, Kota Bilaspur (C.G.) Ph. 07753-253801, Mo. 9617779322, 6261900581
Email: cvruphd23@gmail.com, info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in


**प्रतीक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट**

## मुलायम के बेटे की मौत, शरीर पर मिले छह चोट के निशान

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 38 साल थी। सुबह 6 बजे पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में प्रतीक यादव ▶▶| शेष पेज 5 पर



### चार महीने पहले लंग्स में इंफेक्शन हुआ था

पीजीआई के सरदार पटेल डेंटल कॉलेज की रहने वाली अपर्णा यादव की करीबी मित्र रीना सिंह ने बताया कि उन्हें जानकारी हुई थी कि चार महीने पहले अपर्णा के पति के लंग्स में इंफेक्शन हुआ था जिसका ऑपरेशन हुआ था। उन्होंने उनकी मौत की खबर सुनी तो सन्न रह गई।

### तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर ट्रंप बीजिंग पहुंचे

## जिनपिंग से ईरान युद्ध, व्यापार सहित विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर चीन पहुंचे। इस दौरान वह अपने चीनी समकक्ष राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ईरान युद्ध सहित कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति जिनपिंग के निमंत्रण पर चीन की यात्रा पर आए ट्रंप का हवाई अड्डे पर उपराष्ट्रपति हान झेंग ने स्वागत किया। विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के राष्ट्राध्यक्ष सातवीं बार आमने-सामने की बातचीत ▶▶| शेष पेज 5 पर



### इन मुद्दों पर भी होगी चर्चा

हालांकि, शिखर सम्मेलन के दौरान दुनिया की नजर अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध को समाप्त करने और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी को समाप्त करने के लिए उठाए जाने वाले संभावित कदमों पर होगी। ट्रंप की यात्रा से पहले, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने युद्ध के बाद बीजिंग की अपनी पहली यात्रा की और अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ बातचीत की।

## चिंतन

# प्रधानमंत्री की पहल सबको देगी प्रेरणा

वैश्विक खाड़ी संकट और बढ़ती ऊर्जा चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से तेल बचत, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग और अनावश्यक खर्चों में कटौती की अपील केवल प्रशासनिक निर्देश नहीं, बल्कि एक व्यापक राष्ट्रीय सोच का संकेत है। यह सबके लिए प्रेरणा है। जब देश का सर्वोच्च नेतृत्व स्वयं अपने काफिले को सीमित कर उदाहरण प्रस्तुत करता है, तो उसका प्रभाव केवल सरकारी तंत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचता है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से तेल बचाने सहित 7 सूत्रीय उपायों को अपनाने का आग्रह किया है। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्रियों, भाजपा के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी अपने काफिले को छोटा कर लिया है। दिल्ली के कई मंत्री तो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते दिख रहे हैं। हालांकि यह प्रतीकात्मक हो सकता है। चूंकि लंबे समय में यह आमजन की समस्याओं का कारण बन सकता है। केंद्र ने साफ किया है कि देश में तेल, गैस और अन्य संसाधनों की कमी नहीं है, लेकिन तेल की बचत देश की विदेशी मुद्रा को बचा सकती है। दरअसल, भारत जैसे विशाल और आयात-निर्भर देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता भी है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय संकटों का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, महंगाई और विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। प्रधानमंत्री द्वारा काफिले में वाहनों की संख्या घटाना प्रतीकात्मक अवश्य है, लेकिन लोकतंत्र में प्रतीकों का अपना महत्व होता है। जनता अक्सर नेताओं के आचरण से प्रेरणा लेती है। यदि शीर्ष नेतृत्व मेट्रो, ई-वाहन, कारपूलिंग और सीमित संसाधन उपयोग का संदेश देगा, तो समाज में भी व्यवहारिक परिवर्तन की संभावना बढ़ेगी। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा काफिले सीमित करना, ई-स्कूटर या मेट्रो का उपयोग करना तथा बैठकों को वर्चुअल मोड में स्थानांतरित करना इसी दिशा में सकारात्मक पहल मानी जा सकती है। हालांकि यह भी ध्यान रखना होगा कि प्रतीकात्मकता और व्यवहारिकता के बीच संतुलन बना रहे। इसी प्रकार वर्क फ्रॉम होम, वर्चुअल मीटिंग और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को दीर्घकालिक नीति के रूप में विकसित करने के लिए बुनियादी ढांचे को भी मजबूत करना होगा। यदि आम नागरिक को सुविधाजनक, सुरक्षित और समयबद्ध सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध नहीं होगा, तो केवल अपीलों से बड़े बदलाव संभव नहीं होंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सरकारी वाहनों को ईवी में बदलने का निर्देश भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कदम माना जा सकता है। यदि सरकारी संस्थान स्वयं ईवी अपनाते हैं, तो इससे निजी क्षेत्र और आमजन में भी विश्वास बढ़ेगा। प्रधानमंत्री द्वारा सोने की खरीद सीमित करने की अपील भी आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ऐसे में आयात शुल्क बढ़ाने या खरीद कम करने की अपील का असर सीधे मध्यम वर्ग और पारिवारिक परंपराओं पर पड़ सकता है। इसलिए सरकार को संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए डिजिटल गोल्ड, गोल्ड बॉन्ड और ईटीएफ जैसे विकल्पों को अधिक लोकप्रिय बनाना होगा, ताकि लोगों की निवेश आवश्यकताएं भी पूरी हों और विदेशी मुद्रा पर दबाव भी कम हो। अब आवश्यकता इस बात की है कि यह अभियान प्रतीकात्मकता तक सीमित न रहे, बल्कि जनभागीदारी के जरिए स्थायी जीवनशैली परिवर्तन का रूप ले।



मुद्दा
अखिलेश आर्येन्दु

# मानव विकास सूचकांक पर गौर जरूरी

**भारत भले ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा हो, जब तक यह मानव विकास सूचकांक में भी उच्च अंक हासिल नहीं कर लेता तब तक दुनिया में वह पिछड़ा हुआ ही माना जाएगा। भारत में पहले की अपेक्षा पिछले दस सालों में हर क्षेत्र में तमाम तरह के सकारात्मक बदलाव हुए हैं। केंद्र और राज्यों में विकास की नीतियां अब बंद कमरों की जगह जनता की राय-सुमारी के जरिए बनने लगी हैं। सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए बेहतर नीतियां और योजनाएं बनाईं जा रही हैं। बावजूद अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में भारत मानव विकास की सूची में उच्च स्थान हासिल कर लेगा।**

आर्थिक रूप से दुनिया का सबसे सम्पन्न देश अमेरिका है, लेकिन मानव विकास में सबसे सम्पन्न देश नार्वे और स्विट्जरलैंड हैं। दुनिया भर में ये दोनों देश सर्वोच्च मानव विकास सूचकांक के मुताबिक सर्वसम्पन्न हैं। सर्वसम्पन्नता का मतलब सेहत, शिक्षा, उच्च आय, सामाजिक विकास, नैतिकता में उच्चता और जीवन की गुणवत्ता में सर्वोपरि। इसी क्रम में चीन और ब्राजील उच्च मानव विकास वाले देश हैं तो भारत मध्यम मानव विकास का प्रतिनिधि है वहीं, निम्न मानव विकास के रूप में नाइजर है। सम्पन्नता महज धन-दौलत या दुनिया की सबसे बड़ी सेना, आयुध व सामरिक शक्ति से अब नहीं मापी जाती। यही वजह है नार्वे दुनिया में सर्वोच्च मानव विकास का प्रतिनिधित्व करता है। मानव मूल्यों यानी सर्वगुण सम्पन्नता दुनिया में इसकी महत्ता, सामरिक रूप से सम्पन्नता से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। बदलते वक्त के साथ मान्यताओं और धारणाओं में बदलाव आया है, वह चाहे विकास की बात हो या समाज की प्रगति की। अब विकास को महज आर्थिक वृद्धि (जीटीपी) के आधार पर मापना पर्याप्त नहीं माना जाता।

वास्तविक विकास वह है जिसमें व्यक्ति का समग्र उत्थान- शारीरिक, वौद्धिक, सामाजिक और नैतिक- सुनिश्चित हो। इसी के आधार को आधार लेकर संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने मानवीय विकास सूचकांक (एचडीआई) की अवधारणा विकसित की। इसका मकसद कोई देश अपने नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन स्तर प्रदान करने में कितना सफल है, को मापना है। वहीं दुनिया में प्रगति का मतलब आर्थिक प्रगति से समझा और माना जाता है। मानव मूल्यों के साथ विकास, प्रगति और समानता की स्थिति को आगे बढ़ाना मानव विकास सूचकांक कहलाता है। इस सूचकांक के जरिए उस देश के लोगों के हर क्षेत्र की ठीक-ठीक जानकारी हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का विकास सूचकांक (एचडीआई) 0.685 है, जो इसे 193 देशों में 130वें स्थान पर रखता है जो मध्यम मानव विकास श्रेणी में आता है। स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के साथ भारत उच्च मानव विकास श्रेणी की ओर बढ़ रहा है। यह विकास कई तरह के सवाल खड़ा करता है। अभी देश में लैंगिक असमानता और तमाम तरह की क्षेत्रीय विषमताओं जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इन चुनौतियों से निपटना कम चुनौतीपूर्ण नहीं है।

जानकारों का कहना है कि मानव विकास को सरकार, सरकारी और गैर सरकारी संगठनों और समाजकर्मियों के लिए उतना ही महत्वपूर्ण होना चाहिए, जितना आर्थिक प्रगति। मानव मूल्यों, सामाजिक और शिक्षा के मूल्यों को गहराई से समझने की जरूरत है, खासकर भारत जैसे देश में, जहां व्यक्ति व समाज पाश्चात्य संस्कृति और शिक्षा को आंख मूंद कर अपनाने में अपनी समझदारी मानता है। यही वजह है कि भारत में मानव विकास सूचकांक अभी 130वें पायदान पर है। दरअसल, भारत आजादी के बाद पिछले सत्तर सालों तक कई समस्याओं, चुनौतियों और परेशानियों से जूझता आया है। सरकारी और गैर सरकारी दोनों स्तरों पर सुधार और निर्माण की जरूरत की पूर्ति महज दिखावे तक सीमित थी। भ्रष्टाचार चरम पर था। शिक्षा, रोजगार, सेहत



और मूलभूत जरूरतें भी आम आदमी की पूरी नहीं हो पा रही थीं। ऐसे में विकास और प्रगति का पहिया जिस रफ्तार से आगे बढ़ना चाहिए था, नहीं बढ़ पा रहा था। मानव विकास सूचकांक बेहतर होने का सवाल ही नहीं उठ सकता था। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की जनसंख्या आज दुनिया में सबसे ज्यादा हो गई है, लेकिन आबादी किसी देश के मानव विकास का एक मात्र पैमाना नहीं होता, वरना बेहतर मानव विकास के रूप में चीन और ब्राजील न होते। आज चीन आर्थिक महाशक्ति के साथ मानव विकास में नार्वे की बराबरी करने के करीब है। यानी चीन में प्रति व्यक्ति आय, संसाधनों की उपलब्धता, रोजगार के अवसर और सेहत के मामले में भी बहुत आगे निकल चुका है। इसकी सबसे बड़ी वजह वहां के लोगों में देश की प्रगति और विकास में ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना, सरकार और संविधान का पारदर्शी होना और राजनीतिक खुड़पेचों से दूर रहना। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक मानव विकास में तेजी लाने के लिए आर्थिक विकास के साथ शिक्षा, सुरक्षा, अवसरों की बेहतर उपलब्धता और आय का समान वितरण को सुनिश्चित करना जरूरी है। गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, अस्वास्थ्य और असमानता जैसे विकास को रोकने वाले कारकों पर गौर करना जरूरी है। देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि, डॉक्टर व अस्पतालों की कमी, महिलाओं की शिक्षा और रोजगार में कमी, विकास योजनाओं का असरदायक न होना और संसाधनों पर जरूरत से ज्यादा दबाव जैसे कारणों से भारत मानव विकास में अभी मध्यम कोटि में गिना जाता है। मानव विकास में भारत के पिछड़ने की एक खास वजह सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा में पिछड़ा होना है। नैतिकता, मानव मूल्यों का पालन और मानवीय प्रकृति और जीव-जन्तुओं के प्रति घटती सदभावना भी मानव विकास पर प्रतिकूल असर डाल रही है। भारतीय समाज अपने मानवीय सद्व्यवहार और प्रकृति के प्रति साफ-सुथरे नजरिये के लिए जाना जाता था। समाज में अराजकता और हिंसक माहौल और प्रकृति का जरूरत से बहुत ज्यादा दोहन की वजह से भी कई तरह की समस्याएं, हर स्तर पर लगातार पैदा हो रही हैं, जिसका सीधा असर मानव विकास पर देखा जा सकता है। भारत में लैंगिक और क्षेत्रीय असमानता बहुत ज्यादा है, जिससे कई तरह की पारिवारिक, सामाजिक, क्षेत्रीय, धार्मिक, राष्ट्रीय और सांस्कृतिक समस्याएं पैदा हो रही हैं। इन समस्याओं से निजात पाना सरकार और प्रशासन के लिए बहुत बड़ी चुनौती है।

समाजशास्त्रियों का मानना है कि देश में सबको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंध, स्वच्छ पर्यावरण, पानी संकट से निजात, सामाजिक जागरूकता बढ़ाना, हर स्तर पर समानता का बढ़ावा और मानवीय मूल्यों को विकास का आधार बनाने के लिए कदम उठाए जाते हैं तो भारत भविष्य में उच्च मानव विकास वाले देश के रूप में शामिल हो सकता है। मानव विकास का कम होना उस देश का पिछड़ा होने का सूचक माना जाता है। इसलिए भारत भले ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा हो, जब तक यह मानव विकास सूचकांक में भी उच्च अंक हासिल नहीं कर लेता तब तक दुनिया में वह पिछड़ा हुआ ही माना जाएगा। भारत में पहले की अपेक्षा पिछले दस सालों में हर क्षेत्र में तमाम तरह के सकारात्मक बदलाव हुए हैं। केंद्र और राज्यों में विकास की नीतियां अब बंद कमरों की जगह जनता की राय-सुमारी के जरिए बनने लगी हैं। सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए बेहतर नीतियां और योजनाएं बनाईं जा रही हैं। बावजूद अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में भारत मानव विकास की सूची में उच्च स्थान हासिल कर लेगा।

(लेखक पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत

प्रोफ़ेसर (डॉ.) भारत



# बंगाल : भारतीय राजनीति के नए अध्याय की आहट

भारतीय राजनीति में पश्चिम बंगाल हमेशा से केवल एक राज्य नहीं, बल्कि वैचारिक संघर्षों की प्रयोगशाला रहा है। कभी वामपंथ का गढ़, फिर तृणमूल कांग्रेस का अभेद्य किला और अब जब भारतीय जनता पार्टी ने राज्य विधानसभा चुनाव जीत लिया है, तो वहां केवल सत्ता परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि यह भारतीय राजनीति की दिशा और दशा में एक ऐतिहासिक मोड़ माना जाएगा। बंगाल में भाजपा की जीत कई स्तरों पर अर्थपूर्ण होगी जैसे वैचारिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और राष्ट्रीय रणनीति के दृष्टिकोण से भी। सबसे पहले, इस परिणाम ने इस मिथक को तोड़ा है कि भाजपा केवल हिंदी पट्टी - उत्तर भारत या मध्य भारत की पार्टी है। पिछले एक दशक में भाजपा ने देश के विभिन्न हिस्सों में अपने संगठन और जनाधार का विस्तार किया है, किंतु बंगाल में जीत उसे वास्तविक अर्थों में सर्वभारतीय - सर्वस्वीकार्य दल के रूप में स्थापित करेगी। बंगाल की राजनीति लंबे समय तक धर्मनिरपेक्षता, क्षेत्रीय अस्मिता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अपने विशिष्ट स्वरूप के लिए जानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा की विजय यह संकेत है कि उसकी राजनीतिक और वैचारिक अपील अब क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर चुकी है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले वर्षों में भाजपा ने बंगाल में लगातार संगठनात्मक विस्तार किया, कार्यकर्ताओं को तैयार किया और स्थानीय नेतृत्व को उभारने का प्रयास किया। यह चुनावी सफलता भाजपा की दीर्घकालिक राजनीतिक रणनीति की बड़ी उपलब्धि है। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि भाजपा केवल चुनावी लहरों पर निर्भर नहीं है, बल्कि बूथ स्तर तक मजबूत संगठन खड़ा करने में सक्षम है। दूसरी ओर, यह परिणाम तृणमूल कांग्रेस के लिए एक गंभीर राजनीतिक संदेश है। ममता बनर्जी ने स्वयं को लंबे समय तक भाजपा विरोधी राजनीति के सबसे सशक्त चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया है। उनकी राजनीति बंगाली अस्मिता, क्षेत्रीय गौरव और केंद्र के विरुद्ध संघीय अधिकारों के मुद्दों पर आधारित रही है। अब इसका अर्थ है कि जनता केवल भावनात्मक या क्षेत्रीय मुद्दों के आधार पर राजनीति को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। हालांकि, भाजपा की जीत को केवल हिंदुत्व राजनीति की विजय के रूप में देखना अधूरा विश्लेषण होगा। बंगाल में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शिक्षक भर्ती घोटाले, राजनीतिक हिंसा और प्रशासनिक केंद्रीकरण जैसे मुद्दे लंबे समय से चर्चा में रहे हैं। आम मतदाता यदि सत्ता परिवर्तन का समर्थन करता है, तो उसके पीछे सुशासन, पारदर्शिता और विकास की अपेक्षा भी होगी। भाजपा के लिए यह जीत जितनी बड़ी उपलब्धि होगी, उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी होगी कि वह केवल राजनीतिक विजय तक सीमित न रहे, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर भी अपेक्षाओं पर खरी उतरे। यह चुनाव परिणाम राष्ट्रीय विपक्ष की राजनीति पर भी गहरा प्रभाव डालेगा। पश्चिम बंगाल उन राज्यों में रहा है, जहां भाजपा को रोकने के लिए विपक्ष एकजुट होने की बात करता रहा है। यदि भाजपा यहां भी विजय प्राप्त कर लेती है, तो विपक्षी दलों की रणनीति और नेतृत्व क्षमता दोनों पर प्रश्नचिह्न खड़े होंगे। विशेष रूप से कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के लिए यह आत्ममंथन का समय होगा कि आखिर क्यों भाजपा लगातार नए क्षेत्रों में अपने लिए राजनीतिक जमीन तैयार कर पा रही है। इसके अतिरिक्त, बंगाल में भाजपा की जीत भारतीय राजनीति में वैचारिक पुनर्संरचना का भी संकेत दे सकती है। लंबे समय तक बंगाल की बौद्धिक और राजनीतिक संस्कृति वामपंथी विचारों से प्रभावित रही। राष्ट्रवाद, धार्मिक पहचान और सांस्कृतिक पुनरुत्थान जैसे मुद्दों को यहां उतनी स्वीकृति नहीं मिलती थी जितनी उत्तर भारत में। भाजपा को स्पष्ट जनादेश यह संकेत है कि बंगाल का मतदाता भी राष्ट्रीय राजनीतिक विमर्श के साथ स्वयं को जोड़ रहा है। यह परिवर्तन केवल चुनावी नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। फिर भी, लोकतंत्र में किसी भी जीत को अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता। बंगाल की राजनीति अत्यंत जागरूक और संवेदनशील रही है। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत का अर्थ केवल एक राज्य में सरकार बदलना नहीं है। यह परिणाम यह भी बताता है कि भारतीय राजनीति अब पारंपरिक क्षेत्रीय सीमाओं से आगे बढ़ चुकी है और मतदाता विकास तथा सुशासन चाहता है। बंगाल की धरती से निकला यह संदेश केवल कोलकाता तक सीमित नहीं रहेगा; इसकी गूंज आने वाले समय में पूरे देश की राजनीति में सुनाई देगी। यह भारतीय लोकतंत्र की उस निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है जिसमें मतदाता समय-समय पर राजनीतिक शक्तियों का पुनर्मूल्यांकन करता है।

(लेखक पंजाब विवि चंडीगढ़ में वरिष्ठ प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
**दर्शन**

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।


# शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित
**प्रेरणा**

कोई स्त्री अपने पिता के यहां से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा–'तुम हँसे क्यों ? हंसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ट्रैफिक नियमों का पालन करें, सफर सुहाना बनाएं

'युक्त राष्ट्र का वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह 8 मई से 14 मई 2026 तक मनाया जा रहा है। इस दिवस के मनाए जाने का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इस विषय पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना है। हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों का आंकड़ा बहुत से देशों में से ज्यादा है, अमरीका, चीन, जापान, रूस आदि से बहुत ज्यादा है। इसका मुख्य कारण यह भी है कि हमारे देश में लोग ट्रैफिक नियमों का उचित पालन नहीं करते हैं। सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण भी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है। सड़क हादसा कभी हमारी अपनी लापरवाही से हो सकता है तो कभी दूसरों की लापरवाही किसी की जान पर भारी पड़ जाती है। – *वरुण चंद्राकर, रायगढ़*

## ट्रेंड

### एमएसपी में वृद्धि



देश भर के किसान भाइयों और बहनों के हितों की रक्षा और उनकी आय बढ़ाने के लिए हम लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। इसी दिशा में, हमारी सरकार ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी है।

-**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### डबल रेल लाइन परियोजना



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद (सरखेज) - धोलेरा सेमी हाई-स्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह पीएम मोदी की दूरदर्शी योजना का सशक्त प्रमाण है, जिसके तहत देश को कनेक्टिविटी, नवाचार और विनिर्माण का केंद्र बनाना है।

- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### पुष्पांजलि अर्पित



लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के आवास पर उनके दिवंगत पति प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना और दिलासा दिया गया।

- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उप्र

### पेपर लीक जांच




NEET पेपर लीक काफी गंभीर मामला है। जिस भाजपा नेता को पकड़ा गया है, उसके परिवार के पांच सदस्यों के लिए पहले से ही नौकरी तय थी। यह जांच का विषय है। हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि 22 लाख बच्चे किस दौर से गुजर रहे होंगे।

- **अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर


# पहली मुलाकात में ही उषा पर मोहित हो गए थे वेंस



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपनी नयी पुस्तक में बताया है कि कॉलेज के दौरान उनकी मुलाकात उनकी पत्नी उषा से कैसे हुई और वह उनसे इतने 'मोहित' हो गए थे कि उन्होंने अपने दोस्तों से कह दिया था कि या तो वह 'इस लड़की से शादी करेंगे' या फिर 'जीवनभर अविवाहित रहेंगे।' अपने नए संस्मरण 'कम्यूनियन : फाइंडिंग माय वे बैक टू फेद' में वेंस ने लिखा है कि वह उषा की सुंदरता, बुद्धिमत्ता और अलग अंदाज से कैसे आकर्षित हुए थे, जो बाद में उनकी पत्नी बनीं। इस संस्मरण के कुछ अंश 'यूएसए टुडे' ने प्रकाशित किए हैं। येल लॉ स्कूल में उषा बाला चिलुकुरी से मिलने वाले वेंस ने कहा कि वह पहली ऐसी व्यक्ति थीं, जिनके लिए उन्होंने सच्चा प्रेम महसूस किया। वेंस ने लिखा है, 'मैंने अपने दोस्तों से कहा था कि मैं इस लड़की से शादी करूंगा, अन्यथा मैं जीवनभर कुंवारा रहूंगा।' यह पुस्तक अगले महीने प्रकाशित होगी। वेंस ने लिखा, ' 'जब मैं पहली बार उषा से मिला, तो उनकी कई बातें मुझे असामान्य लगीं। उनमें से एक यह थी कि वह बेहद प्रतिस्पर्धी थीं, लेकिन मुझे यह आकर्षक से ज्यादा अजीब लगा।' उन्होंने लिखा, 'उनमें ईर्ष्या नाम की चीज नहीं थी, जिसे मैं उनके अद्भुत आत्मविश्वास का परिणाम मानता था।

## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## वेलकम टू द जंगल से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक



**मुंबई।** अक्षय कुमार फिर से अपने मजेदार अंदाज में वापस आ गए हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर छा गया है। इसमें अक्षय कुमार बहुत स्टाइलिश और दमदार दिख रहे हैं। निर्माताओं के अलावा अक्षय कुमार ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर 'वेलकम टू द जंगल' का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस खास पोस्टर के साथ अक्षय ने कैप्शन में लिखा, 'अगली फिल्म वेलकम टू द जंगल।' फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में 30 से अधिक अभिनेताओं की एक बड़ी स्टारकास्ट है। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।


## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड (छ.ग.)

**-:ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना:-**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**( प्रथम आमंत्रण )**

सिस्टम निविदा क्र. 190717 / निविदा सूचना क्र. 01/ वलेलि / 2026-27,
दिनांक 13.05.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **03.06.2026** समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

**कार्य का नाम :- बिलासपुर जिले के विकासखण्ड कोटा अंतर्गत खोंगसरा व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर आर.डी. 12000 मी से 15000 मी. तक सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग का निर्माण कार्य।**

**अनुमानित लागत :- रूपये 158.22 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक **20.05.2026** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट:- 1. निविदा मे भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।


2. निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. 01.05.2025 (संशोधित 08.08.2025 ) के अनुसार है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग पेण्ड्रारोड (छ.ग.)**
**कृते- मुख्य अभियंता हसदेव कछार,**
**जल संसाधन विभाग बिलासपुर (छ.ग.)**

G-262700700/9


# आलिया भारत पवेलियन के उद्घाटन पर पहुंचीं, साथ दिखे आशुतोष

**पेरिस।** 12 मई से 79वें कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हुई है। आलिया भट्ट भी वहां पहुंची हैं और अपने लुक से लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। उनका एक और लुक सामने आया है। वे भारत पवेलियन के उद्घाटन इवेंट पहुंचीं। इस दौरान उनके साथ एक्टर-डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर भी दिखे। आलिया भट्ट ने आइवरी साड़ी में इवेंट में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। आलिया भट्ट कान फिल्म फेस्टिवल में अपने हर लुक में भारतीय संस्कृति का टच देने की कोशिश कर रही हैं। बीते दिन पीच कलर के गाउन के साथ उन्होंने दुपट्टा कैरी किया। वहीं, आज उन्होंने साड़ी पहनी है। इसके साथ माथे पर छोटी सी मैचिंग बिंदी ने उनके लुक को निखार दिया है। वहीं, हाथों में हाथफूल भी अलग ही दमक रहे हैं। आलिया भट्ट ने साड़ी के साथ बहुत तड़क-भड़क वाला मेकअप नहीं किया है। न ही हैवी ज्वैलरी पहनी है। मगर, उनका यह सिंपल लुक देसी छाप छोड़ रहा है। नोज रिंग उन्हें क्वीन वाइब दे रही है। ब्लाउज के डिजाइन ने थोड़ा मॉडर्न टच दिया है। यह पारंपरिक ब्लाउज के बजाय कोटीनुमा ब्लाउज है। आलिया भट्ट भारत पवेलियन पहुंचीं और उन्होंने



आशुतोष गोवारिकर के साथ मिलकर 57वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का पोस्टर और उसका क्रिएटिव विजन लॉन्च किया। आलिया एक विंटेज-स्टाइल छतरी थामे हुए पवेलियन की ओर बढ़ीं। उनके इस लुक में पुराने जमाने का आकर्षण साफ दिखा।

## कान से कल्याणी की पहली झलक आई सामने



लोका चैप्टर 1 की अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में पहुंच चुकी हैं। फिल्म 'लोका' में अपने अभिनय से अखिल भारतीय स्तर पर पहचान हासिल करने वाली मलयालम अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में पहुंच चुकी हैं। वह जल्द ही कान के रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरेंगी। अभिनेत्री ने फ्रेंच रिवेरा पहुंचने के बाद कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। हालांकि, वह अभी तक फेस्टिवल में नहीं पहुंची हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह 14 मई को फेस्टिवल में शामिल होंगी। निर्देशक प्रियदर्शन की बेटी कल्याणी की कान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई हैं। इस दौरान कल्याणी ने पीले रंग के स्टाइलिश टॉप के साथ व्हाइट फ्रंट कट रंग की स्कर्ट कैरी की है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। कल्याणी ने अपने लुक के अलावा कान से फ्रेंच रिवेरा के आसपास की कई शानदार तस्वीरें भी शेयर की हैं।

## फेयरी लुक में उर्वशी ने बिखेरा जादू



**पेरिस।** कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत कर रही हैं। पहले दिन आलिया भट्ट के अलावा उर्वशी रौतेला भी इस इवेंट में पहुंचीं। इस अभिनेत्री का लुक भी खूब चर्चा में बना रहा। उर्वशी रौतेला अपने फैशन सेंस, स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। मंगलवार को वह भी कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आईं। उनका लुक, स्टाइल सोशल मीडिया पर छा गया। उर्वशी का लुक फेयरी (परी) इंस्पायर्ड था। उनका ज्वेलरी और मेकअप लुक भी काफी हटकर नजर आया। उर्वशी ने इस खास इवेंट के लिए फेयरी (परी) इंस्पायर लुक चुना है। सिल्वर गाउन लुक में वह दमकती नजर आईं। यह गाउन पूरी तरह से बॉडी फिटेड था। उर्वशी ने ज्वेलरी भी ड्रेस से मैचिंग पहनी थी। हाथ में एक यूनीक स्टाइल का पर्स भी नजर आया। हेयर एसेसरीज के तौर पर भी क्राउन स्टाइल ज्वेलरी उर्वशी ने कैरी की थी। उर्वशी ने अपना आईमेकअप भी सिल्वर टोन में रखा था। हेयरस्टाइल में हाई बन बनाया हुआ था। जिससे उनका लुक पूरी तरह से परफेक्ट नजर आ रहा था। उर्वशी रौतेला के करियर फ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' में नजर आएंगी।

## एआई फिल्म वन-विदिशा का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्ममेकर राही अनिल बर्वे की पिछली फिल्म 'मायासभा' और 'मन-पिशाच' का दर्शकों ने



काफी पसंद किया था। अब अनिल ने अपनी एक और एआई बेस्ड फिल्म 'वन-विदिशा' की झलक सोशल मीडिया के जरिए दी है। 'मन-पिशाच' की तरह ही यह फिल्म भी जीरो बजट में बनी है। बर्वे ने इस एआई फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज किया। ट्रेलर के मुताबिक यह किसी जंगल में पनपते रहस्य की कहानी है। इसमें एक राजा है, एक अप्सरा है और एक मसखरा भी है। इन सब के साथ एक लड़की भी है जिसे दोबारा जीवित किया गया है। ट्रेलर किसी जंगल में रहने वाली लोककथा या कहानी पर आधारित लग रही है। किरदारों के कपड़ो के डिजाइन से भी ऐसा लग रहा है। पूरे ट्रेलर की बात करें तो यह फिल्म प्रकृति और लोक कथा का मेल मालूम होती है।


## कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-273990 E-mail: cmo_malhar@rediffmail.com

क्र./286/निविदा/न.पं. /2026-27 — मल्हार, दिनांक 12/05/2026

**ऑनलाईन निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा फार्म 'A' में प्रतिशत दर में कम / एस.ओ.आर. दर/अधिक निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 190802 | स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अन्तर्गत सुखे एवं गीले कचरे के प्रबंधन हेतु प्रस्संकरण संयंत्रों की स्थापना तथा स्थापित संयंत्रों के उन्नयन कार्य। (27.41 लाख) | 13.05.2026 13:00 | 03.06.2026 17:30 | 05.06.2026 16:00 | 05.06.2026 17:30 |

**टीप :-** (1) यह जानकारी www.cg.uad.gov.in एवं https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती हैं। (2) उपरोक्त कार्यों की निविदा शर्ते / विस्तृत तृतीय ई-निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण विभाग शाखा में/ऑनलाईन अवलोकन किया जा सकता हैं।(3) अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य किया जावेगा।

"पेड़ लगाओं, पृथ्वी को फिर से ठंड़ा बनाओं"

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत मल्हार**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष- 07642-252443 ई-मेल- eephedmal@mp.nic.in फैक्स- 07642-253622

निविदा क्र. 18 से 23 / 2026-27 / नि.शाखा / लो.स्वा.या. / 2026 — मण्डला, दिनॉक 08.05.2026

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 20/05/2026 सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 22/05/2026 दोपहर 12.00 बजे के पश्चात है । निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

**Drilling of 150/125/115mm Dia 120mtr. Deep Telescopic Tube Well**

| S. N. | NIT No. | Tender ID No. | Block | No.of Tube well | Probable Amount | EMD | Tender Doc. Fee | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 18/26-27 | 2026_PHED_505962_1 | Nainpur | 80 | 83.85 | 83850 | 10000 | 04 Month E/R |
| 2 | 19/26-27 | 2026_PHED_505963_1 | Bichhiya | 80 | 83.85 | 83850 | 10000 | 04 Month E/R |
| 3 | 20/26-27 | 2026_PHED_505964_1 | Mawai | 80 | 83.85 | 83850 | 10000 | 04 Month E/R |
| 4 | 21/26-27 | 2026_PHED_505965_1 | Ghughri | 80 | 83.85 | 83850 | 10000 | 04 Month E/R |
| 5 | 22/26-27 | 2026_PHED_505966_1 | Niwas | 80 | 83.85 | 83850 | 10000 | 04 Month E/R |
| 6 | 23/26-27 | 2026_PHED_505967_1 | Narayanganj & Bijadandi | 160 | 167.70 | 166700 | 12500 | 04 Month E/R |

**नोट:-** निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है ।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी**
**खण्ड, मण्डला**

G- 12794/26

## कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
## "सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24 कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018

फोन - 0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/ वि. स.क्षे. रायगढ़ /16(02)/26-27/999 — नवा रायपुर, दिनांक 12/05/2026

**//ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना//**

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**Sub Portal : http://samb. eproc.cgstate.gov.in**

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 04.06.2026**
**फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 11.06.2026**

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत ( लाख में) | एस.ओ.आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत सारंगढ़ बस स्टैण्ड में सब्जी मंडी (हाटबाजार) हेतु सब्जी शेड एवं स्टॉल, लोडिंग अनलोडिंग प्लेटफार्म (6.50मी.x 4.75 मीटर), दुकाने, शौचालय ब्लॉक-02 नग, ड्राईव-वे (सी.सी. रोड चौड़ाई 6मी. 4.50 मी.), पार्किंग, पाथ-वे (चौड़ाई 3 मीटर, 2.10मी.), लेंडस्केप, सम्प टेंक, ट्यूब वेल, सेप्टिक टेंक, कम्पोस्ट शेड (12 मी.x 6मी.), बाहरी विद्युत कार्य । | 485.44 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दि. 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य हेतु दि. 01.07.2015 तथा सड़क कार्य दिनांक 01.01.2025 से प्रभावशील दर अनुसूची पर। |
| 2 | नगर पालिका रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत पी.जी. कॉलेज के सामने फूड जोन में सब्जी मंडी (हाटबाजार) हेतु सब्जी शेड एवं स्टॉल, लोडिंग अनलोडिंग प्लेटफार्म (6.50 मी. x 4.75 मीटर), दुकाने, शौचालय ब्लॉक- 02 नग, ड्राईव- वे (सी.सी. रोड चौड़ाई 6 मी., 4.50 मी.), पार्किंग, पाथ-वे (चौड़ाई 3 मी., 2.10 मी. चौडाई), लेंडस्कैप, सम्प टेंक, ट्यूब वेल, सेप्टिक टेंक, बाहरी विद्युत कार्य । | 298.24 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते है ।

**प्रबंध संचालक**

S-47800/1

## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
## जिला चिकित्सालय, दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक/जि.चि. /निविदा /2026 /3860

दुर्ग, दिनांक 13/05/2026

**जिला चिकित्सालय दुर्ग के Jumbo/small oxygen cylinder / Nitrous cylinder/$CO_2$Cylinder रिफिलिंग हेतु प्रथम निविदा आमंत्रण**

जिला चिकित्सालय दुर्ग के Jumbo / small oxygen cylinder / Nitrous cylinder/$CO_2$Cylinder रिफिलिंग हेतु पंजीकृत मुहरबंद "प्रथम निविदा" दिनांक 15.06.2026 तक आमंत्रित की जाती है ।

निविदा प्रपत्र (नियम एवं शर्ते) अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से ₹ 500.00 नगद जमा कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है जो वापसी योग्य नहीं है ।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र (नियम एवं शर्ते) का मूल्य | 500 / - (अक्षरी पांच सौ रू मात्र) |
| निविदा फार्म की विक्रय की तिथि एवं समय | विज्ञापन प्रकाशित तिथि 15.05.2026 से 12.06.2026 तक (कार्यालयीन समय तक) |
| निविदा फार्म जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 15.06.2026 दोपहर 03.00 बजे तक केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा ही मान्य है। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.06.2026 दोपहर 4.00 बजे जिला चिकित्सालय के टेली मेडिसिन कक्ष में खोली जावेगी। |
| निविदा फार्म प्राप्त करने का निर्धारित स्थल | कमरा नम्बर 35 जीवनदीप समिति शाखा जिला चिकित्सालय दुर्ग |

**सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल**
**अधीक्षक दुर्ग (छ.ग.)**

G-262700692/1

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार,
## जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**( प्रथम आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 190525 / निविदा सूचना क्र. 10 / व.ले.लि. / 2026-27 दि. 13.05.2026**

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 03.06.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम** - सुकमा जिले में सुकमा नगर पंचायत के वॉर्ड क्रमांक 05 में रिर्टनिंग वाल निर्माण कार्य आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 400 मी.।

**अनुमानित लागत** - रू. 259.24 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)
(एस.ओ. आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025 ))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 20.05.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है ।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, सुकमा**
**कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार**
**जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.**

G-262700696/4

## कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा),
## जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

**// सार्वजनिक सूचना //**

**क्रमांक 1013/ भू-अर्जन /2026** — **कबीरधाम, दिनांक 11/05/2026**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत- **सुतियापाट जलाशय के बांयी तट नहर विस्तारीकरण के अंतर्गत नहर निर्माण कार्य** ग्राम- खैरबना, प.ह.न.19, रा.नि.मि.- बीरेन्द्र नगर, तहसील- स./ लोहारा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कवर्धा के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा सकता है :-

| क्र. | प्रस्तावित भू धारक का नाम / जाति | भूमि का प्रकार | खसरा नं. | कुल रकबा (हे.मैं.) | अर्जित रकबा (हे.मैं.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राधेलाल पिता दुकालू गोंड | सिंचित | 89/1 | 1.145 | 0.054 |
| 2 | हरिराम पिता अंजोरी कुर्मी | असिंचित<br>असिंचित<br>असिंचित<br>असिंचित<br>असिंचित | 85/1<br>85/4<br>85/6<br>85/8<br>85/9 | 0.449<br>0.165<br>0.085<br>0.247<br>0.215 | 0.120<br>0.015<br>0.022<br>0.064<br>0.037 |
| | **योग** | | 5 | **1.161** | **0.258** |
| 3 | परदेश गंगाराम शिवप्रसाद मोहन पिता हीरू कुर्मी | असिंचित | 86/4 | 0.587 | 0.136 |
| 4 | गणेश पिता इंदल कलार | असिंचित<br>असिंचित | 86/1<br>102/1 | 0.632<br>2.720 | 0.100<br>0.067 |
| | **योग** | | 2 | **3.352** | **0.167** |
| 5 | जगदीश पिता धनुक कुर्मी | असिंचित | 84/1 | 0.167 | 0.052 |
| 6 | मनहरण पिता धनीराम कुर्मी | असिंचित | 84/3 | 0.122 | 0.009 |
| 7 | नारद पिता धनीराम कुर्मी | असिंचित | 84/5 | 0.121 | 0.081 |
| 8 | महेश वर्मा व अन्य 03 भू-स्वामी पिता- मोहन कुर्मी पता सिंगारपुर | सिंचित (मुख्य मार्ग से लगा हुआ) | 83<br>102/11 | 1.084<br>0.809 | 0.184<br>0.002 |
| | **योग** | | 2 | **1.893** | **0.186** |
| 9 | राजूलाल, मिथलेश, मधुकुमार, रानी व अन्य 03 भू-स्वामी पिता प्यारेलाल, जाति-गोंड | सिंचित (मुख्य मार्ग से लगा हुआ) | 96 | 1.008 | 0.114 |
| 10 | भारत पिता बनवाली कलार | असिंचित | 102/6 | 2.379 | 0.134 |
| 11 | खुमान पिता बिशाल कुर्मी | असिंचित | 102/2 | 0.405 | 0.114 |
| 12 | गोकुल पिता बिशाल कुर्मी | असिंचित | 102/3 | 0.405 | 0.085 |
| 13 | नारद पिता बनवाली कलार | असिंचित | 102/12<br>102/15 | 0.405<br>0.405 | 0.027<br>0.081 |
| | **योग** | | 2 | **0.810** | **0.108** |
| 14 | राजकुमार पिता दौवा बनिया | असिंचित | 105/3 | 5.714 | 0.232 |
| 15 | सुरेश पिता दौवा बनिया | असिंचित | 105/4 | 5.715 | 0.490 |
| 16 | दुलहीन पिता समे कलार | असिंचित | 106/1 | 2.115 | 0.124 |
| 17 | सुकलहीन पिता समे कलार | असिंचित | 106/2 | 1.530 | 0.128 |
| 18 | मनीषा पिता कन्हैया कलार | असिंचित | 57/3 | 2.171 | 0.090 |
| 19 | सीताराम पिता जगमोहन कुर्मी | असिंचित | 108/2 | 0.676 | 0.200 |
| | | **योग** | 26 | **31.476** | **2.762** |
| 20 | शासकीय भूमि | | 95 | 1.287 | 0.077 |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो तो यह समाचार-पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह ) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है ।

**कलेक्टर**
**जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

G- 262700685/1

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
Pho no. 0771-2535780,90, Fax: 077172227395, E-mail- dc_rmc@rediffmail.com

**क्रमांक 254 (क)भ.नि.अ.प्र./ न.पा.नि./ 2026 रायपुर दिनांक 07/05 / 2026**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स प्रगति बिल्डर्स एण्ड डेव्हलपर्स द्वारा पार्टनर श्री मितेश कुमार जैन एवं अन्य, डी-432/5, एम.एम.ए. रेस्ट हाउस के पीछे टैगोर नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम दलदलसिवनी प.ह.नं. 109/41 स्थित भूमि खसरा क्र. 15020 रकबा 0.9970 हे., ख.क्र. 595/2 रकबा 0.0140 हे., ख.क्र. 596/14 रकबा 0.0043 हे., ख.क्र. 624 रकबा 0.4980 हे., कुल रकबा 1.5133 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय (भूखण्डीय) कालोनी में विकास कार्य प्रारम्भ करने हेतु कालोनी विकास अनुमति जारी की जा रही है। उक्त कालोनी में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने के एवज में बंधक रखे गये भूखण्डों, समाज के निम्न आय वर्गों हेतु आरक्षित भूखण्डों एवं EWS के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण आम लोगो की जानकारी हेतु दी जा रही है। जो निम्नानुसार है-

**(अ) बंधक भूखण्डों का विवरण :-**

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति बंधक भूखण्ड | रकबा कुल बंधक भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. 01 | 01 | 180.66 Sqm. | 180.66 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. 02 | 01 | 179.61 Sqm. | 179.61 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. 03 | 01 | 149.86 Sqm. | 149.86 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र. 04 | 01 | 107.12 Sqm. | 107.12 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र. 05 | 01 | 75.94 Sqm. | 75.94 Sqm. |
| 6 | भूखण्ड क्र. 06 | 01 | 101.50 Sqm. | 101.50 Sqm. |
| 7 | भूखण्ड क्र. 07 | 01 | 139.29 Sqm. | 139.29 Sqm. |
| 8 | भूखण्ड क्र. 08 | 01 | 139.29 Sqm. | 139.29 Sqm. |
| | **योग** | **08** | | **1073.28** Sqm. |

**(ब) निम्न आय वर्गो (एल.आई.जी.) के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण :-**

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति LIG भूखण्ड | रकबा कुल LIG भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र - 49 | 01 | 92.74 Sqm. | 92.74 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र - 50 | 01 | 94.49 Sqm. | 94.49 Saqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र - 51 | 01 | 94.49 Sqm. | 94.49 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र - 52 | 01 | 94.49 Sqm. | 94.49 Sqm. |
| | **योग** | **04** | | **376.20** Sqm. |

**(स) E.W.S. के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण :-**

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति EWS भूखण्ड | रकबा कुल EWS भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र - 38 | 01 | 49.26 Sqm. | 49.26 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र - 39 | 01 | 49.19 Sqm. | 49.19 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र - 40 | 01 | 49.49 Sqm. | 49.49 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र - 41 | 01 | 49.58 Sqm. | 49.58 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र - 42 | 01 | 48.89 Sqm. | 48.89 Sqm. |
| 6 | भूखण्ड क्र - 43 | 01 | 44.57 Sqm. | 44.57 Sqm. |
| 7 | भूखण्ड क्र - 44 | 01 | 39.74 Sqm. | 39.74 Sqm. |
| | **योग** | **07** | | **330.72** Sqm. |

उपरोक्तानुसार बंधक भूखण्डों को क्रय करने के पूर्व नगर निगम रायपुर द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नहीं; इसके संबंध में कालोनाईजर से बंधक मुक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नहीं होने की स्थिति में बंधक भूखण्डों को क्रय न किया जावें।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

**नगर निवेशक**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**



### आयात शुल्क में वृद्धि से कीमतें बढ़ जाती हैं

# सोने पर शुल्क वृद्धि से आभूषण व्यापार को नुकसान होगा, तस्करी का खतरा बढ़ेगा: निर्यातक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सोने पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत किए जाने के बाद रत्न एवं आभूषण उद्योग को आने वाले समय में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इससे अवैध बाजार और तस्करी को बढ़ावा मिलने की भी आशंका है। निर्यातकों के अनुसार, आयात शुल्क में वृद्धि से आमतौर पर कीमतें बढ़ जाती हैं।

हाल के समय में, सोने की कीमतें दोगुनी होने के बावजूद आयात में उसके अनुरूप कमी नहीं आई है। उनका मानना है कि ऐसे उपाय अकसर तस्करी को बढ़ावा देते हैं और निर्यात लागत को बढ़ाते हैं। इसका सबसे गंभीर असर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) विनिर्माताओं पर पड़ेगा जो ''गंभीर नकदी संकट'' का सामना कर रहे हैं।

### कारोबार अब कठिन होने वाला है

अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा, '' प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) के मितव्ययिता उपायों और सर्राफा आयात शुल्क बढ़ने से कारोबार अब कठिन होने वाला है। उद्योग को आशंका है कि इससे अवैध बाजार और तस्करी को बढ़ावा मिलेगा...।''

### 27,000 रुपए प्रति दस ग्राम सोना महंगा हो सकता है

शुल्क बढ़ोतरी को समझाते हुए रोकड़े ने कहा कि अब सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और कृषि उपकर को मिलाकर आयात शुल्क के कारण सोना पहले के 13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़कर लगभग 27,000 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हो सकता है। उन्होंने कहा कि जीजेसी ने हाल के नीतिगत निर्णयों पर विचार करने और आगे की रणनीति तय करने के लिए बुधवार को मुंबई में उद्योग की सभी संस्थाओं की बैठक बुलाई है।



- सोने की कीमतें दोगुनी होने के बावजूद आयात नहीं घटा
- ऐसे उपाय अक्सर तस्करी को बढ़ावा देते है
- एमएसएमई विनिर्माता गंभीर नकदी संकट का सामना कर रहे

### घबराहट से बचे

जीजेसी के वाइस चेयरमैन अविनाश गुप्ता ने भी इसी तरह का विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सोना और आभूषण भारत की अर्थव्यवस्था, परंपराओं और बचत संस्कृति से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, इस समय व्यापार जगत के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे घबराहट से बचें और आत्मविश्वास एवं जिम्मेदारी के साथ अपना कारोबार जारी रखें।

#### स्थायी समाधान के लिए बातचीत की अपील

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने सरकार द्वारा सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने के फैसले को स्वीकार करते हुए कहा कि एक उद्योग के रूप में, जीजेईपीसी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ''राष्ट्र पहले'' की भावना को लेकर प्रतिबद्ध है। परिषद ने हालांकि स्थायी समाधान के लिए सरकार से उद्योग के हितधारकों के साथ बातचीत करने की अपील की है।

#### आर्थिक प्राथमिकताओं का पूर्ण समर्थन

हम राष्ट्र की व्यापक आर्थिक प्राथमिकताओं का पूर्ण समर्थन करते हैं। कारीगरों, व्यापारियों तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए इस क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास एवं स्थिरता को सुनिश्चित करने के लिए हम नीति निर्माताओं के साथ रचनात्मक बातचीत के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

### *कम कैरेट के आभूषणों को बढ़ावा दिया जाए*

*जीजेईपीसी के चेयरमैन किरीट भंसाली ने कहा, '' हमने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सोने के आयात को कम करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए अपने सदस्यों द्वारा उठाए गए सक्रिय कदमों की रूपरेखा प्रस्तुत की है। इनमें कम कैरेट के आभूषणों को बढ़ावा देना और उपभोक्ताओं को पुराने आभूषणों के बदले नए आभूषण लेने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है। हम स्वर्ण मुद्रीकरण योजना (जीएमएस) को बहाल करने पर एक विस्तृत दस्तावेज अलग से सरकार को सौंप रहे हैं।''*

## बिजनेस साइट

## अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स ने शुरू किया 'गोल्ड एक्सचेंज प्रोग्राम'



**रायपुर।** देश में घरेलू स्वर्ण संपदा के अधिकतम उपयोग को बढ़ावा देने और सोने के आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स प्रा. लि. ने विशेष 'गोल्ड एक्सचेंज प्रोग्राम' की शुरुआत की है। कंपनी ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देशवासियों से एक वर्ष तक नए सोने की खरीद सीमित रखने की अपील का स्वागत करते हुए इसे राष्ट्रहित में लिया गया दूरदर्शी कदम बताया है। कंपनी द्वारा शुरू की गई इस योजना के अंतर्गत ग्राहकों को पुराने एवं अनुपयोगी स्वर्ण आभूषणों पर आकर्षक एक्सचेंज वैल्यू दी जा रही है। पुराने सोने के एक्सचेंज पर ग्राहकों को 2500 रु प्रति 10 ग्राम तक का विशेष लाभ प्रदान किया जा रहा है। वहीं, एटी के पुराने बिल के साथ एक्सचेंज करने पर अतिरिक्त 500 रु का बेनिफिट भी दिया जा रहा है। इसके अलावा 1 लाख रु की खरीदारी पर आकर्षक गिफ्ट वाउचर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कंपनी के अनुसार ग्राहकों द्वारा इस ऑफर को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। कंपनी के चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया ने कहा कि घरों में बड़ी मात्रा में स्वर्ण संपदा अनुपयोगी रूप से पड़ी हुई है, जिसका पुनः उपयोग देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे सकता है। वहीं, कंपनी के डायरेक्टर एवं छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया ने कहा कि यह योजना ग्राहकों को बेहतर मूल्य देने के साथ जिम्मेदार और स्मार्ट खरीदारी के लिए प्रेरित करेगी।

## पीएम सूर्यघर योजना के तहत एडवांस सोलर की नई पहल



**रायपुर।** एडवांस सोलर प्रा. लि. द्वारा पीएम सूर्यघर योजना के तहत नई सुविधा शुरू की गई है, जिसके माध्यम से उपभोक्ताओं को सोलर प्लांट लगाने पर सरकारी सब्सिडी के साथ अतिरिक्त कैशबैक का लाभ दिया जाएगा। कंपनी का दावा है कि इस योजना से आम परिवार बिना अतिरिक्त आर्थिक बोझ के लंबे समय तक मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। कंपनी के अनुसार, केंद्र सरकार की पीएम सूर्यघर योजना का लाभ देशभर में अब तक 30 लाख से अधिक उपभोक्ता उठा चुके हैं। इसी क्रम में एडवांस सोलर प्राइवेट लिमिटेड ने 3 किलोवाट तक के सोलर प्लांट पर विशेष योजना लागू की है। इसके तहत सरकार द्वारा मिलने वाली सब्सिडी के अतिरिक्त बैंक फाइनेंस की शेष राशि उपभोक्ताओं को ईएमआई के समतुल्य कैशबैक के रूप में 10 वर्षों तक वापस दी जाएगी। कंपनी ने बताया कि यदि उपभोक्ता बिना बैंक फाइनेंस के स्वयं भुगतान कर सोलर प्लांट खरीदते हैं, तब भी उन्हें सब्सिडी के अलावा शेष राशि कैशबैक के रूप में लौटाई जाएगी। योजना के अंतर्गत 2 किलोवाट, 2.2 किलोवाट, 2.75 किलोवाट और 3 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट लगाए जा सकते हैं।

## एचपीसीएल ने रिकॉर्ड 17,258 करोड़ रुपए का लाभ कमाया

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 17,258 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ कमाया है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत बढ़कर 4,901.50 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले 3,354.98 करोड़ रुपये था। रिकॉर्ड तिमाही लाभ ऐसे समय दर्ज किया गया है जबकि मार्च में कंपनी को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी को लागत से कम कीमत पर बेचने से भारी नुकसान उठाना पड़ा।

कंपनी ने अन्य सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं के साथ मिलकर पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई अस्थिरता से घरेलू बाजार को बचाए रखा।

## इंडियन ऑयल का चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 62 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल) का कच्चे तेल के उत्पादन में वृद्धि और बेहतर कीमत मिलने से वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 62 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,424 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,497 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में ऑयल इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ बढ़कर 7,551 करोड़ रुपये हो गया, 2024-25 में 7,040 करोड़ रुपये था। चौथी तिमाही में लाभ बढ़ने की मुख्य वजह कच्चे तेल के उत्पादन में छह प्रतिशत की वृद्धि और बेहतर मूल्य प्राप्ति रही। कंपनी को कच्चे तेल का औसत मूल्य 77.89 डॉलर प्रति बैरल मिला, जबकि एक वर्ष पहले की समान अवधि में यह 74.46 डॉलर प्रति बैरल था। कंपनी के निदेशक मंडल ने एक रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है।

## शेयर बाजार में चार दिन से जारी गिरावट थमी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 33 अंक की तेजी रही। रुपये के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने लाभ को सीमित किया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 49.74 अंक बढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 75,191.57 अंक तक गया जबकि नीचे में 74,134.48 अंक तक आया। यानी कारोबार के दौरान इसमें 1,057.09 अंक की घट- बढ़ हुई। इसी तरह निफ्टी 33.05 अंक बढ़कर 23,412.60 अंक पर बंद हुआ।

## वनस्पति तेल का आयात बढ़कर हुआ 13 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश का वनस्पति तेल आयात 2025-26 तेल वर्ष के पहले छह महीनों में 13 प्रतिशत बढ़कर 79.4 लाख टन हो गया। पाम तेल की खेप में तेज उछाल इसकी मुख्य वजह रही। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल उपभोक्ता भारत ने पिछले वर्ष की समान अवधि (नवंबर-अप्रैल) में 70.4 लाख टन आयात किया था। भारत का तेल वर्ष नवंबर से अक्टूबर तक चलता है। मूल्य के संदर्भ में, नवंबर-अप्रैल अवधि के दौरान आयात सालाना आधार पर 73,000 करोड़ रुपये से 19 प्रतिशत बढ़कर 87,000 करोड़ रुपये हो गया। कुल आयात में खाद्य तेलों की हिस्सेदारी 78.2 लाख टन जबकि गैर-खाद्य तेल की 1.21 लाख टन रही।

## पीएफसी का लाभ 3 फीसदी बढ़कर 8,598 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 8,597.61 करोड़ रुपये रहा है। यह वृद्धि खर्चों में कमी के कारण हुई। 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी ने 8,357.88 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय घटकर 28,856.60 करोड़ रुपये रह गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 29,285.45 करोड़ रुपये थी।

## टीवीएस मोटर का लाभ बढ़कर 819 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड का वित्त वर्ष-2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में वाहनों की मजबूत बिक्री के कारण एकीकृत शुद्ध लाभ 17.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 819.55 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 697.51 करोड़ रुपये था।

## बर्जर पेंट्स का मुनाफा बढ़कर 335 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 27.52 प्रतिशत बढ़कर 335.25 करोड़ रुपये रहा है। इसमें उत्पाद मिश्रण में सुधार और कच्चे माल की कीमतों में नरमी का योगदान रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 262.91 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 2,868.03 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले यह 2,704.03 था।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756




Appointment आवश्यकता

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- सर्जिकल आफिस में लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता - 12 वी/ग्रेजुएट संपर्क करे:-रामा मेडिटेक ,गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर - 15/A, रायपुर 6269933233.(आरो-205)

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 45, सुपरवाइजर 9 फील्ड अधिकारी 5, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.(आरो-015)

**चौकीदार**

आवश्यकता है- बहानाकाड़ी मंदिर हसौद पोल फैक्ट्री में चौकीदार कि आवश्यकता है, जो फैक्ट्री में रह कर कार्य कर सके मों. 88271-50000.(आरो-174)

**ऑफिस/फील्ड वर्क**

आवश्यकता है- एलआईसी में 12वीं पास लड़कों की आवश्यकता ऑफिस वर्क और फील्ड वर्क के लिए लड़कों की जरूरत है। आकर्षक सैलरी + इंसेंटिव। फ्री ट्रेनिंग दी जाएगी। करियर बनाने का सुनहरा मौका। इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें:- 7470392352.(RO-A)

**क्लिनिक/ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- क्लिनिक/ ऑफिस में कार्यकरने हेतु ,8वीं/10वीं पढ़े लिखे ,लड़की/ लड़के की तत्काल आवश्यकता है। स्थायी निवासी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार मिलने का समय- शाम 5बजे से रात्रि 8बजे तक। मो.-9617789223, 9303948500 पता- स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने ब्राईट फर्नीचर के पीछे दुर्ग (छ.ग.) (आरो न.-4150)

**अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- अकांउटेंट की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें:-जय मा शारदा ट्रेडर्स मो. न.-9300230997, 7000700366.(आरो न.-4151)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- पैथालाजी सामग्री की मार्केटिंग हेतु सेल्समेन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- फाफाडीह चौक के पास, मोती सागर होटल के पीछे रायपुर 8269090186, 9893470141.(RO-40844)

**पैकिंग स्टाफ/हेल्पर**

आवश्यकता है- मेडिकल कंपनी हेतु पैकिंग स्टॉफ चाहिए, जिसे सीएफए ऑपरेशन (पैकिंग, डिस्पैचिंग) का कार्यानुभव हो, वेतन - योग्यतानुसार (5 अंको में) बायोडाटा bmpl.raipur@gmail.com पर मेल करें/ संपर्क करें - बजरंग मेडिकल प्रा.लि.अरोरा धर्मकांटा के पीछे, फ्रुट मार्केट के पास, देवपुरी, रायपुर.मोबाइल - 9826163637. (RO-16574)

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग, चॉकलेट पैकिंग, कार्टून पैकिंग हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता हैं। रूम बिजली की सुविधा फ्री, पता- बंजारी मंदिर के पास, रावांभाटा, रायपुर, मो. 7828735534.(RO-078)

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ में सोलर प्लांट और सर्विस के लिए मार्केटिंग पर्सन की तत्काल आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार ,पता- M/S अनय सोलर सॉल्यूशन, मो.- 80853-80557, 91098-30910.(आरो 275)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा, रायपुर (आरो-173)

**टीचर/कुक**

आवश्यकता है- झूलाघर में एक टीचर एव घर के लिए कुक की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार स्थान शांति किराया भंडार कालीबाड़ी रायपुर संपर्क 9827140065, 9827140068.(RO-A)

**शॉप वर्क**

आवश्यकता है- ऑटो एसेसरीज होलसेल शॉप में कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क श्री राम ऑटो एम.जी रोड रायपुर (छ.ग.) मोबाइल- 9300627327.(RO-176)

**देखरेख/ड्रायवर**

आवश्यकता है- गाय की सेवा देखरेख के लिए फैमली होना चाहिए एंव ड्रायवर की, ऑफिस के लिए कम्प्युटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। शीघ्र संपर्क करें शंकर नगर रायपुर मों. - 7003703735, 9340109282.(RO-177)

**सर्वे कार्य**

आवश्यकता है- भिलाई- ऑफिस एवं सर्वे कार्य वेतन 8000 से 10000 तक। अनुभवी व्यक्ती ही संपर्क करें मो - 6268279954.(आरो नं.-10465)

**सुपरवाइजर/ड्रायवर**

आवश्यकता है- पोल्ट्री फार्म में रहकर कार्य करने हेतु सुपरवाइजर (वेतन 2 लाख प्रतिवर्ष), ड्राइवर (वेतन 12000/- प्रतिमाह), लेबर (वेतन- 10000/- प्रतिमाह) सम्पर्क- लाभांडी, रायपुर 9827147575 / 9425507575.(RO-222)

**सर्विस**

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955.(आरो-63172)




**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- एक फैमिली की आवश्यकता हैं- पत्नी जो घर में रहकर घर के सभी कार्य कर सके एवं पति जिसे ड्राइविंग आती हो जो कार चला सके उसे प्राथमिकता। रहने की सुविधा। वेतन योग्यता अनुसार, सम्पर्क करें:- 9893413130, 9425509393.(आरो-198)

**Property प्रापर्टी**

प्लाट उपलब्ध है- फायदे का सौदा आरंग नगर पालिका मे नेशनल हाईवे ओमकार हॉस्पिटल से लगा हुआ 70 का फ्रंट समोसा आकर का NH 53 मे कमर्शियल डायवर्सन प्लाट बहुत हि कम रेट मे उपलब्ध अर्जेंट सेल करना है संपर्क करे:- 9165586666, 9584444523.(RO-018)

**For Rent किराया**

किराया- प्रीमियम वेयर हाउस/ खुला प्लॉट/ गोदाम किराये हेतु तोरवा बिलासपुर में होटल रेडडायमंड के सामने मुख्य रोड पर 5000- 40000 वर्गफीट उपलब्ध इंडस्ट्रीयल, लॉजिस्टिक्स, कॉर्पोरेट हेतु उपयुक्त सम्पर्क- 9617605544, 9111911145.(आरो-40828)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस- कुबेर फाइनेंस मुद्रा योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 15 लाख तक )(1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 8882627857.(आरो-4366)

हरिभूमि क्लासीफाईड




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक सभी जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रकाशक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152



सुरक्षा एजेंसियों की बढ़ गई है चिंता, गहरी साजिश की आशंका

# प्रधानमंत्री के रूट पर विस्फोटक के बाद अब मिला टाइमर सर्किट

## दावा- आरोपी जोड़ नहीं पाए, 10 मई को मोदी गए थे बेंगलुरु


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले संदिग्ध विस्फोटक सामग्री मिलने से सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। शुरुआत में यह मामला केवल जिलेटिन रॉड बरामद होने तक सीमित माना जा रहा था, लेकिन अब जांच में कथित तौर पर टाइमर सर्किट और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिलने की बात सामने आई है। ऐसे में पीएम मोदी की सुरक्षा में सेंध लगाने की संभावित साजिश की आशंका गहरा गई है। यह पूरा मामला बेंगलुरू के कग्गलीपुरा इलाके का है, जो आर्ट ऑफ लिविंग परिसर के पास स्थित है। पीएम मोदी यहां एक कार्यक्रम में शामिल हुए। ऐसे में संदिग्ध सामग्री की बरामदगी ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर ला दिया।

### यह जताई जा रही आशंका

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस को पहले इलाके से जिलेटिन स्टिक मिली थीं. शुरुआती जांच में इसे सामान्य बरामदगी माना गया था, लेकिन बाद में जांचकर्ताओं को कुछ इलेक्ट्रॉनिक सर्किट और टाइमर से जुड़े उपकरण भी मिलने की जानकारी सामने आई। इसके बाद यह आशंका जताई जाने लगी कि कहीं किसी विस्फोटक उपकरण को तैयार करने की कोशिश तो नहीं की जा रही थी।

**यह है चिंता की बात :** जांच एजेंसियों का मानना है कि यदि जिलेटिन स्टिक के साथ डेटोनेटर और टाइमिंग सिस्टम जोड़ दिया जाता, तो यह एक बड़ा विस्फोटक बन सकता था। फिलहाल पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि क्या प्रधानमंत्री के कार्यक्रम या उनके मूवमेंट रूट को निशाना बनाने की योजना थी। हालांकि, अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर अभी किसी आतंकी साजिश की पुष्टि नहीं की है।



### खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

बरामद जिलेटिन स्टिक और अन्य सामग्री को फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी भेजा गया है। वहीं, घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। हालांकि, जिस जगह से सामग्री मिली वहां सीसीटीवी कैमरा नहीं होने के कारण जांच में मुश्किलें आ रही हैं। कोरमंगला और सुद्धगुंटेपल्या पुलिस की संयुक्त टीम देर रात तक पूछताछ और जांच में जुटी रही। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां कोई भी संभावना नजर अंदाज नहीं करना चाहतीं।

### हिरासत में लिया गया पूर्व आईटी कर्मचारी

मामले में 42 वर्षीय लोहित नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। वह कोरमंगला 8th ब्लॉक का निवासी और पूर्व आईटी कर्मचारी बताया जा रहा है, जो फिलहाल बेरोजगार है। पुलिस के अनुसार उसने रविवार सुबह करीब 7:30 बजे कंट्रोल रूम में फोन कर दावा किया था कि एचएएल एयरपोर्ट और आर्ट ऑफ लिविंग परिसर में विस्फोट होने वाला है। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और संयुक्त टीम ने उसे बन्नेरघट्टा रोड के एक बस स्टैंड से पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर कई बार कहा कि देश बर्बाद हो रहा है। इसके बाद पुलिस उसके मानसिक स्वास्थ्य और संभावित मकसद दोनों की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में उसके मानसिक रूप से अस्थिर होने की आशंका जताई गई है, लेकिन पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। जांच एजेंसियां अब आरोपी की पृष्ठभूमि, कॉल रिकॉर्ड और उसके संपर्कों की जांच कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, वह खुद को पूर्व इसरो कर्मचारी का बेटा बता रहा है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या वह अकेले काम कर रहा था या उसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय था।

## जैकेट के शेष

### अब फूटा पेट्रोल-डीजल बम....

में गाड़ियों की लंबी कतारें भी लगनी शुरू हो गई हैं। हरिभूमि ने बुधवार को कई पेट्रोल पंपों की पड़ताल की। इस दौरान कई जहां बंद मिले, वहीं जो खुले हुए हैं, उनमें वाहन की कतारें लगी रहीं।

### प्रधानमंत्री की अपील का ......

उसी प्रकार हो रही है, जैसे अब तक होती आ रही है। जिले में हर दिन 200 से अधिक टैंकर कंपनियों से निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग पैनिक होकर पेट्रोल पंपों में भीड़ लगाकर खपत से ज्यादा पेट्रोल-डीजल भरा रहे हैं। यही वजह है कि कई पेट्रोल पंप में ड्राई की स्थिति निर्मित हुई है। उन्होंने कहा कि जो बंद हुए हैं, वहां भी एक-दो दिन में आपूर्ति हो जाएगी, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो जाएगी।

### बलौदाबाजार के पेट्रोल ....

के बाद ईंधन की उपलब्धता को लेकर लोगों में चिंता बढ़ी है, जिसके चलते पेट्रोल पंपों पर भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि प्रशासन और पेट्रोल पंप संचालकों ने स्पष्ट किया है कि ईंधन की कोई कमी नहीं है और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। प्रशासन ने नागरिकों से संयम बरतने और आवश्यकता अनुसार ही ईंधन भरवाने की सलाह दी है, ताकि अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके। वहीं पेट्रोल पंप संचालक एवं डीलर भी शॉर्ट सप्लाई की बात स्वीकार कर रहे हैं। डीलरों का कहना है कि डिपो से ही कटौती की जा रही है आपूर्ति में कमी आई है।

### कई जिलों के पंपों ....

कांकेर में कुछ पंपों में पेट्रोल डीजल की खत्म होने से बंद हैं। दंतेवाड़ा-बीजापुर में स्टाक खत्म होने के कारण कुछ घँटों के लिए कुछ पंप बंद हो जा रहे हैं। लेकिन भारी संकट जैसी स्थिति नहीं है।

### स्टेट गैरेज की गाड़ियों पर ....

सचिव, तथा उनसे उच्च पदस्थ को गाड़ियों का आवंटन किया जाता है, एवं पुल वाहन के रूप में गृह विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, वित्त विभाग, संसदीय कार्य विभाग, एवं विधि एवं विधायी कार्य विभाग को शासकीय वाहन आवंटित किए जाते हैं, मंत्रियों को एक शासकीय वाहन तथा दो वाहन चालक तथा अधिकारियों को एक वाहन तथा एक वाहन चालक दिया जाता है।

**कई अफसरों के पास दो-तीन या अधिक गाड़ियां :** इधर सूत्रों के मुताबिक राज्य में कई अधिकारियों के पास दो-तीन से लेकर पांच गाड़ियां भी हैं। बताया गया है कि इन अफसरों ने स्टेट गैरेज से एक गाड़ी ले रखी है, लेकिन साथ ही अपने विभाग की गाडियों का भी बेधड़क इस्तेमाल कर रहे हैं। बताया गया है कि नाप तौल विभाग के एक अधिकारी के पास तीन गाड़ियां है, इसी तरह अन्य विभागों पीडब्लूडी, वन, कुछ विभाग के अधिकारियों ने भी स्टेट गैरेज तथा विभाग की गाड़ियां रखी हुई हैं। यह भी पता लगा है कि कुछ अधिकारी जो अंडर सेक्रेटरी, या उनके समकक्ष हैं, जिन्हे गाड़ियों की पात्रता नहीं है, वे भी गाड़ियों का मजा ले रहे हैं।

**पुलिस के पास सबसे ज्यादा गाड़ियां :** सबसे अधिक वाहन वाले विभागों की बात करें तो राज्य में पुलिस विभाग के पास सबसे अधिक गाड़ियां हैं, बताया गया है कि अधिकांश वाहन किराए के हैं जिनकी संख्या हजारों में हैं, इन वाहनों पर पेट्रोल-डीजल का खर्च 35 करोड़ से अधिक का है।

**सरकारी वाहनों में ईंधन खपत कम करें :** मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इसी भावना से प्रेरित होकर राज्य शासन द्वारा शासकीय स्तर पर ईंधन की खपत कम करने और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की दिशा में ठोस पहल की जा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नेशन फर्स्ट' की भावना के साथ ईंधन संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से राष्ट्रहित में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक जागरूक कदम देश की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### ईंधन संरक्षण के लिए ....

उपयोग करने, कारपूलिंग अपनाने तथा अनावश्यक निजी वाहनों के उपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर हम बड़े सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। यदि प्रत्येक नागरिक ईंधन बचत को अपनी जिम्मेदारी माने, तो यह अभियान एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप ले सकता है।

### सीएम के कारकेड ....

और वाहनों की संख्या घटाने का फैसला किया। हमने अपने कारकेड में कटौती की है, अब गाड़ियों की संख्या 13 से घटकर आठ हो गई है।

**सीएम की दूसरे मंत्रियों, विधायकों से अपील :** सीएम ने ये भी कहा कि उनके आधिकारिक दौरे के दौरान अब सिर्फ जरूरी वाहनों को ही कारकेड में शामिल किया जाएगा. साय ने दूसरे मंत्रियों, विधायकों और निगम-मंडलों के पदाधिकारियों से भी निजी और सरकारी संसाधनों के संयमित उपयोग का आग्रह किया।

**विधानसभा अध्यक्ष ने भी कम किया काफिला :** विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का सम्मान करते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। डॉ रमन सिंह ने अपने प्रोटोकॉल काफिले से 4 वाहनों का उपयोग कम करने का फैसला लिया है।

### सीबीआई ने पांच .....

ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है और परीक्षा प्रणाली में सुधार का अनुरोध किया है। इस मामले में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया, जिसमें कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि गिरफ्तार किए गए कुछ लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े हुए थे।

### रायपुर रीजन 18वें ....

है कि देशभर में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 85.20% रहा है। इस तरह राष्ट्रीय औसत से रायपुर रीजन पीछे रह गया है। रीजन आधार पर रायपुर देश में 18वें स्थान पर रहा है। सीबीएसई द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड परीक्षा में छग के 506 विद्यालयों के 34 हजार छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 28 हजार को सीबीएसई ने उत्तीर्ण घोषित किया है। 166 परीक्षा केंद्र सीबीएसई ने बनाए थे।

### नक्सल खात्मे के लिए ....

में भाजपा की जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व की प्रशंसा करने के साथ महिला आरक्षण अधिनियम के लोकसभा में गिरने पर पार्टी पदाधिकारियों ने कांग्रेस की आलोचना की। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और पवन साय, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष शामिल हुए। प्रदेश कार्यसमिति बैठक में संगठनात्मक रणनीति और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। प्रदेश की कार्यसमिति ने भाजपा कार्यकर्ताओं से यह आह्वान किया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे रहें। साथ ही नकारात्मकता, असत्य और दुष्प्रचार पर आधारित विपक्ष के मंसूबों को ध्वस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें।

**नक्सल उन्मूलन पर मोदी-शाह की प्रशंसा :** भारत की आंतरिक सुरक्षा पर सबसे बड़ी चुनौती करार दिए गए कम्यूनिस्ट आतंक की समाप्ति डबल इंजन की सरकार के कारण संभव हो पाया है। लोकतंत्र और भारतीय संविधान की रक्षा की दृष्टि से यह उपलब्धि मील का पत्थर है। समयबद्ध तरीके से नक्सल उन्मूलन के संकल्प को सिद्ध करने यह कार्यसमिति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का अभिनंदन करती है। कम्युनिस्ट आतंक की समाप्ति के इस यज्ञ में आहुति देने वाले हमारे सुरक्षा बलों के जवानों के प्रति यह कार्यसमिति कृतज्ञता व्यक्त करती है।

**नारी शक्ति पर कांग्रेस का कुठाराघात :** देश की आधी आबादी को पूरा अधिकार देना हमारे प्रधानमंत्री का संकल्प है, इसके बिना एक समावेशी लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती। मोदी की सरकार ने 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' लाकर सर्व सम्मति से कानून बना कर लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण सुनिश्चित किया। फिर से एक बार कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इस आरक्षण को रोकने का महापाप किया है। महिला आरक्षण से संबंधित इस विधेयक को षड़्यंत्र पूर्वक गिरा देने, इस आरक्षण को रोक देने का उत्सव मनाने वाले कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की यह कार्यसमिति निंदा करती है।

**पश्चिम एशिया संकट :** विश्व अभी विषम परिस्थियों से गुजर रहा है। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थ, उर्वरक आदि की आपूर्ति में वैश्विक बाधा पहुंची है। दुनिया का उद्योग-व्यापार ठप पड़ा हुआ है। इस अंतर्राष्ट्रीय संकट में भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका न्यूनतम प्रभाव पड़ना मोदी के कुशल नेतृव के कारण ही संभव हो रहा है। देश भर में आपूर्ति श्रृंखला व्यवस्थित है।

### ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा ....

खेल भी चल रहा था। गौरतलब है कि करन चौधरी जिसे करन अग्रवाल के नाम से भी जाना जाता है। यह ऑनलाइन सट्टे का वह चर्चित नाम है, जिसने दिल्ली से लेकर राज्य की राजधानी रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सक्ती, तक अपना ऑनलाइन सट्टे का साम्राज्य खड़ा किया था। अपने नेटवर्क के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे का संचालन कर रहा था। खास बात यह है कि सट्टे के काले कारोबार से मिले रकम को सीधे अपने पास न रखकर वह परिचित कारोबारियों, पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर और अन्य व्यावसायिक चैनलों के माध्यम से कैश डंप करता था।

### ऐसे हुआ करन ....

सुभाष गोयल 22 घरघोडा, गौतम भोजवानी पिता श्याम भोजवानी 26 घरघोडा, लक्ष्मीनारायण सिदार पिता चंदन सिंह 28 घरघोडा और सागर गुप्ता पिता विनोद गुप्ता 27 से 7 मोबाइल और 15 हजार 490 जब्त किया गया था। आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में धारा 4, 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम और घरघोड़ा थाने में धारा 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। प्रारंभिक कार्रवाई में मोबाइल फोन, डिजिटल ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड और नगदी बरामद हुई थी। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने रायगढ़ के खाईवाल करन चौधरी और जसमीत सिंह बग्गा उर्फ गुड्डा सरदार के इशारे पर पूरे नेटवर्क के संचालन की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने टेक्निकल इनपुट, कॉल डिटेल, चैट रिकॉर्ड, डिजिटल ट्रेल और फाइनेंशियल एनालिसिस के जरिए पूरे सिंडिकेट की परत-दर-परत जांच शुरू की। पूछताछ में यह भी सामने आया कि कृष्ण प्राइड टावर में रहने वाले पुष्कर अग्रवाल और उसके पिता सुनील अग्रवाल इस पूरे मनी मूवमेंट नेटवर्क के अहम हिस्से थे और सट्टे से प्राप्त ब्लैक मनी को हवाला के जरिए व्हाइट करने का कार्य कर रहे थे। पुलिस ने करन चौधरी से मिली सूचना पर कृष्ण प्राइड टावर स्थित फ्लैट में छापेमार कार्रवाई की, जहां से सुनील अग्रवाल के कब्जे से 50 लाख नकद, नोट गिनने की मशीन और मोबाइल फोन बरामद किया गया। वहीं पुष्कर अग्रवाल के कब्जे से 52 लाख 60 हजार नकद तथा दो मोबाइल जब्त किए गए। इससे पहले करन चौधरी के कब्जे से नगदी और मोबाइल फोन बरामद किया गया था। इलेक्ट्रॉनिक डाटा, चैट रिकॉर्ड, यूपीआई लेनदेन और वित्तीय दस्तावेजों के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ कि यह केवल सट्टेबाजी नहीं बल्कि एक संगठित आर्थिक अपराध सिंडिकेट के रूप में संचालित हो रहा था। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी अपने निजी बैंकिंग या डिजिटल अकाउंट का उपयोग करने के बजाय कर्मचारियों, परिचितों और सहयोगियों के खातों एवं मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर रहे थे ताकि जांच एजेंसियों से बचा जा सके।

## ट्रम्प ने वेनेजुएला को बताया अमेरिका का '51वां राज्य', जारी किया ग्राफिक

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल1 पर वेनेजुएला को अमेरिका का '51वां राज्य' दिखाने वाला ग्राफिक शेयर किया है। यह पोस्ट उस समय सामने आई, जब ट्रम्प चीन दौरे पर जा रहे थे। इससे एक दिन पहले वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा था कि उनका देश कभी भी अमेरिका का 51वां राज्य बनने पर विचार नहीं करेगा। ट्रम्प ने सोमवार को फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा था कि वे वेनेजुएला को अमेरिका का नया राज्य बनाने पर 'गंभीरता से विचार' कर रहे हैं। उन्होंने वेनेजुएला के तेल भंडार का जिक्र करते हुए कहा था कि वहां के लोग उन्हें पसंद करते हैं।

सीबीआई डायरेक्टर की चयन प्रक्रिया पर भड़के कांग्रेस नेता

## विपक्ष का नेता रबर स्टैंप नहीं राहुल ने सौंपा असहमति पत्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) के नए डायरेक्टर की नियुक्ति को लेकर मंगलवार को प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास '7 लोक कल्याण मार्ग' पर सेलेक्शन कमेटी की बैठक हुई। इस कमेटी में प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष शामिल होते हैं। पीएम मोदी, सीजेआई सूर्यकांत और एलओपी राहुल गांधी की कमेटी ने नए सीबीआई डायरेक्टर के नाम पर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने चयन प्रक्रिया को लेकर अपनी असहमति जताई। बैठक समाप्त होने के बाद उन्होंने अपना असहमति पत्र भी सौंपा। राहुल गांधी ने अपने 'एक्स' हैंडल से किए एक पोस्ट में लिखा, 'मैंने सीबीआई निदेशक चयन प्रक्रिया पर अपनी असहमति दर्ज कराते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। मैं किसी पक्षपातपूर्ण प्रक्रिया में भाग लेकर अपने संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन नहीं कर सकता. विपक्ष का नेता कोई रबर स्टैंप नहीं है।'

## पेज एक के शेष

### 'विराट' शतक के ....

शतक बनाया। कोहली ने इस पारी का पूरा लत्फ उठाया। शतक जड़ने के बाद उन्होंने इसका जश्न भी मनाया।

### सोना-चांदी ...

प्लैटिनम पर इसे 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत किया गया है। यह 13 मई से प्रभावी माना जाएगा। इसके परिणामस्वरूप सोने/चांदी के डोरे, सिक्के, अन्य वस्तुएं आदि पर भी कर में बदलाव किए गए हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में सोने व चांदी का आयात सालाना आधार पर 26.7 प्रतिशत बढ़कर 102.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। इससे कुल आयात में इनकी हिस्सेदारी 11.8 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत हो गई। भारत, चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोने का उपभोक्ता है। यहां सोने का आयात मुख्य रूप से आभूषण बनाने के लिए किया जाता है। ऐसे आयात में विदेशी मुद्रा का काफी इस्तेमाल होता है। इस बीच, रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 95.71 (अस्थायी) पर बंद हुआ। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 95.75 पर पहुंच गया था लेकिन सोने पर आयात शुल्क की घोषणा के बाद बुधवार को इसमें कुछ सुधार देखने को मिला। सूत्रों ने कहा कि इस कदम से बाहरी दबाव के समय गैर-जरूरी आयात में संतुलित कमी से समग्र व्यापक आर्थिक स्थिरता और बाह्य क्षेत्र के विवेकपूर्ण प्रबंधन में महत्वपूर्ण मदद मिल सकती है। शुल्क वृद्धि के तहत, सोने पर मूल सीमा शुल्क दोगुना होकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर (एआईडीसी) को पांच गुना बढ़ाकर एक प्रतिशत से पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इससे सोने और चांदी पर प्रभावी आयात शुल्क 15 प्रतिशत हो गया है।

### मुलायम के बेटे ....

के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि कार्डिएक अरेस्ट से प्रतीक की मौत हुई है। विसरा रिपोर्ट के बाद और चीजें स्पष्ट होंगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एक और सामने आई है। जो कई सवाल खड़े कर रही है। प्रतीक की बॉडी पर छह चोट के निशान मिले हैं। हालांकि इनका उनकी मौत से कोई कनेक्शन सामने नहीं आया है। लेकिन, ये चोट उनको कैसे लगी हैं, ये पता नहीं चल सका है। शरीर पर मिले सभी चोट के निशान मौत से पहले के बताए गए हैं। डॉक्टरों के अनुसार, पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म ऐसी गंभीर स्थिति है, जिसमें खून के थक्के फेफड़ों की नसों को ब्लॉक कर देते हैं। इससे सांस लेने और शरीर में खून का प्रवाह बुरी तरह प्रभावित होता है।

### जिनपिंग से ईरान ....

करेंगे। इससे पहले ट्रंप-जिनपिंग ने अक्टूबर 2025 में दक्षिण कोरिया के बुसान में आमने-सामने की बैठक की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति नौ वर्षों में अपनी दूसरी चीन यात्रा पर बीजिंग पहुंचे हैं ताकि व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके और टैरिफ को लेकर चल रहे तनाव को समाप्त किया जा सके। टैरिफ की वजह से अमेरिका को चीन से होने वाले 525 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के निर्यात प्रभावित हो रहे थे। ट्रंप शीर्ष कंपनियों के सीईओ के साथ बीजिंग पहुंचे हैं।


**कार्यालय नगर पंचायत गुरूर, जिला- बालोद (छ.ग.)**
Phone No: 07749-299800 Email: nagarpanchayatgurur@gmail.com

क्रं./144 /लो.नि.वि./न.पं. /2025-26 गुरूर, दिनांकः 12.05.2026

--: स्क्रैप नीलामी सूचना (द्वितीय) :--

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गुरूर के अनुपयोगी कबाड़/आयरन एवं एल्यूमिनियम स्क्रैप की नीलामी जो है, जैसा है, जहां है की स्थिति में किया जाना है। इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों/संस्थानों से दिनांक 26/05/2026 को अपरान्ह 5:30 बजे तक दर/ऑफर पत्रक, मुहर बंद द्वि-लिफाफा पद्धति में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा लिफाफा उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दिनांक 28/05/2026 को 11:00 बजे से खोली जावेगी, विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | निविदा शुल्क (DD रू. में) | अमानत राशि (FDR रू. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | अनुपयोगी कबाड़ लौह/ एल्यूमिनियम का स्क्रैप नीलामी कार्य | 2.50 | 1000/- | 10000/- |

शर्तेः- 1. स्क्रैप/ अनुपयोगी सामग्रियों का अवलोकन नीलामी तिथि के 02 दिवस पूर्व तक कर सकते है।
2. विस्तृत विवरण एवं अन्य शर्तें कार्यालय नगर पंचायत गुरूर के लोक कर्म शाखा एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिका परिषद अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक /91/न.पा.प./ लो.क.वि./2026 अहिवारा दिनांक 12.05.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | अनु. लागत लाख में | निविदा आनलाईन करने की प्रारंभिक / अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Estimate of Tube Well Bore Work With Submersibal Pump Set At Ward No. 01 to 15 (08 nos) N.P.P. Ahiwara (President And Parshad Nidhi) | 190648 | 15.17 Lakh | Bid Start Date: 11.05.2026, 17.00 PM Bid Due Date: 01.06.2026, 17.00 PM Physical Documents Submission End Date: 03.06.2026, 16.00 PM Bid open Date: 03.06.2026, 17.00 PM |
| 2 | Additional Work At Muktidham Ward No. 13 N.P.P. Ahiwara | 190646 | 46.47 Lakh | |

विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईड http://eproc.cgstate.gov.in से डॉउनलोड / देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिवारा



**OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT DEVKAR DISTRICT BEMETARA, CHHATTISGARH**

NOTICE INVITING TENDER (1st Call)
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

SYSTEM TENDER NO/ 190884/NIT NO: 257, Dated 13/05/2026

Online tender are invited by the Chief Municipal Officer, DEVKAR for the following work in Form "A" for **PERCENTAGE RATE TENDER AND CONTRACT FOR WORKS** from the contractors registered with Unified Registration System (Single Window) on GoCG PWD & e-Procurement System Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) as per the 'key Dates' mentioned below. All other conditions for submission of tenders and criteria for prequalification etc. have been mentioned in the tender documents. SOR- Building SOR 2015, Electrical SOR 2020, PHE SOR 2020, Road SOR 2025.

| SYSTEM TENDER NO: | Name of Work | Proble Amount of Contract | Bid Due Date |
|---|---|---|---|
| 190884 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of DEVKAR, Chhattisgarh | Rs 22.51 Lakhs | 03/06/2026 |

The tender documents containing detailed terms & conditions are available for free download on GoCG e-Procurement portal http://eproc.cgstate.gov.in through sub portal of Urban Administration & Development Department http://uad.cg.gov.in Bidders have to quote online their prices along with Technical and Commercial bids in prescribed formats on the above mentioned portal only.

Chief municipal officer
Nagar Panchayat Devkar



**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) AU & PC, CSPGCL,**
Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website :www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No.03-15/EOI/407850 Raipur, date 05.05.2026

NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST

CSPGCL invite expression of interest from prospective bidders for following work :-

| Sl.No. | Expression of Interest No. | Name of Work |
|---|---|---|
| 1 | CEC/AU&PC/EOI/2026/04 | Invitation of Expression of Interest (EOI ) for sale of fly ash /bottom ash from silos/ash dykes of 4x210 MW, HTPS, Korba West, 1x500 MW KW Extn., Korba West, 2x250 MW DSPM -TPS, Korba East and 2x500 MW ABVTPS, Janjgir-Champa of CSPGCL. |

**Last date of submission and opening of application is 20.05.2026 (up to 15:00 Hrs) & 20.05.2026 (at 16:00 Hrs) respectively in O/o Chief Engineer (Civil) AU&PC, CSPGCL, Shed No.- 02, Danganiya, Raipur (CG).** The detail can be downloaded online from https://cspc.co.in/cspgcl_tendernotices- central offices.

Chief Engineer (Civil) AU & PC,
CSPGCL, Raipur

//Save Electricity//



**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LTD**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 GST No. 22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (HUMAN RESOURCE), RAIPUR
PHONE NO. (दूरभाष): 0771-2574700, 2574114 FAX NO.(फैक्स): 0771-2574700
Website (वेबसाइट): https://cspc.co.in Email (ईमेल): hr.csptcl@cspc.co.in

No. 01-01/Sec./AE/TS-221/I/416257/2026 Raipur, Date : 12.05.2026

NOTICE INVITING TENDER
(Online Tender through GeM)


| GeM Bid No. | Description | Due Date & Time |
|---|---|---|
| GEM/2026/B/7523442 | Procurement of 48 Nos. Desktop Computers for O/o Chief Engineer (HR), CSPTCL, Raipur through GeM. | 02.06.2026 up to 15:00 Hrs. |

Note : * The above tender will be processed through GeM portal i.e. www.gem.gov.in. ** Please see company website cspc.co.in - CSPTCL - Tender notices for any further details e.g. due date extension etc and the detailed tender document will be available on GeM Portal. **Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.** *** Helpline Details- In case of any problem please contact: - Tel. no.- 0771-2574114 between Business hours- 10:00 - 17:30 hrs. IST.

Chief Engineer (HR)
CSPTCL, Raipur

"SAVE ELECTRICITY"



## शब्द पहेली - 6225



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

**शब्द पहेली- 6224 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6235

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6234 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |



कई हेल्थ डाटा के अनुसार दुनिया में 30 से 80 वर्ष की आयु वाले 1.4 बिलियन से अधिक लोग हाइपरटेंशन से ग्रस्त हैं। यह गंभीर चिंताजनक इसलिए भी है कि इससे कई दूसरी प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। ऐसे में जरूरी है कि हाई बीपी को लेकर आप पूरी तरह अवेयर रहें। इस बारे में कुछ यूजफुल सजेशंस।

## कई प्रॉब्लम्स की वजह बन सकता है हाई बीपी



**मेडिकल सजेशन**

डॉ. विपुल गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजिस्ट
नई दिल्ली

आज के दौर में हाइपरटेंशन यानी हाई बीपी को कॉमन डिजीज माना जाता है। लेकिन इसे लेकर लापरवाही बरतना ठीक नहीं है क्योंकि इसकी वजह से शरीर में कई अन्य गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

**क्या होता है हाइपरटेंशन:** एक हेल्दी एडल्ट व्यक्ति का अपर या सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 120 एमएम एचजी और लोअर या डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 80 एमएम एचजी होता है। अगर लोअर रीडिंग 85 से अधिक और अपर रीडिंग 120 से अधिक हो तो उसे हाई बीपी कहते हैं। अगर यह रीडिंग 140/100 एमएम एचजी से अधिक हो तो इसे हाइपरटेंशन ग्रेड वन कहते हैं। अगर यह रीडिंग 170/110 एमएम एचजी से अधिक हो तो इसे ग्रेड टू हाइपरटेंशन कहते हैं।

**माना जाता है साइलेंट किलर:** अगर कोई व्यक्ति हाइपरटेंशन से ग्रस्त है तो रेग्युलर मॉनिटरिंग और डॉक्टर के कंसल्टेशन से दवा लेकर इसे कंट्रोल करना चाहिए। ऐसा न करने पर इसका बुरा असर कई अंगों पर पड़ सकता है। हार्ट, किडनी और आइज पर बुरा असर पड़ सकता है। पेशेंट को पैरालाइसिस होने का रिस्क रहता है, उसकी आंखों की रोशनी जा सकती है और उसको हार्ट अटैक भी हो सकता है। इसीलिए हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर कहते हैं।

**इन्हें होता है ज्यादा रिस्क:** हाइपरटेंशन होने का रिस्क उन लोगों को ज्यादा होता है, जिनका बॉडी वेट अधिक होता है, जिनकी हाई बीपी की फैमिली हिस्ट्री है, जो स्मोकिंग करते हैं, जिनको डायबिटीज है या जिनकी लाइफस्टाइल अनहेल्दी है।

**प्रमुख लक्षण:** आपको उन लक्षणों के बारे में भी जरूर जानना चाहिए, जो हाइपरटेंशन की वजह से हो सकते हैं। इनमें शामिल हैं- सिरदर्द, थकावट, घबराहट, बेचैनी, सुस्ती, वॉमिटिंग, आंखों से धुंधला दिखना। अगर बीपी बहुत ज्यादा हो तो नाक से ब्लीडिंग भी हो सकती है। चेस्ट में दर्द, सांस लेने में परेशानी महसूस हो सकती है।

**ऐसे करें बीपी कंट्रोल:** इसे कंट्रोल करने के लिए पेशेंट को रेग्युलर अपना बीपी, शुगर लेवल और कॉलेस्ट्रॉल चेक करवाते रहना चाहिए। अपनी लाइफस्टाइल हेल्दी रखनी चाहिए। हेल्दी डाइट लें, कॉमन आयोडाइज्ड सॉल्ट का सेवन डेली 5 ग्राम से अधिक नहीं करना चाहिए। कुछ लोग सेंधा नमक का सेवन करते हैं, लेकिन उसे भी कम लेना चाहिए क्योंकि उसमें पोटेशियम की मात्रा ज्यादा होती है। ग्रीन वेजिटेबल्स और प्रोटीन का सेवन करें, इससे वेट कंट्रोल रहेगा। मोनोअनसैचुरेटेड फैट जैसे ऑलिव ऑयल, कैनोला ऑयल और मस्टर्ड ऑयल का सेवन करना चाहिए।

**ट्रीटमेंट में न बरतें लापरवाही:** अगर लाइफस्टाइल और डाइट सुधारने के बाद भी बीपी नॉर्मल नहीं हो पा रहा है तो डॉक्टर से कंसल्ट करें। उनकी बताई दवा रेग्युलर लेनी चाहिए। ट्रीटमेंट में लापरवाही से दूसरे अंगों पर बुरा असर पड़ सकता है। अगर कोई व्यक्ति डायबिटिक है और उसे हाई बीपी भी है तो उसे और भी अवेयर रहना चाहिए।

**बचाव के उपाय:** हाइपरटेंशन से बचने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें। फास्ट फूड और जंक फूड अवॉयड करें। अपना बॉडी वेट कंट्रोल रखें। बहुत मीठा और बहुत नमक वाली चीजें न खाएं। स्मोकिंग और एल्कोहल का सेवन न करें। रेग्युलर वर्कआउट करना, रोज अच्छी नींद लेना भी बीपी कंट्रोल करने में सहायक है। *

प्रस्तुति: विज्ञान भूषण

**डॉक्टर्स एडवाइस**

डॉ. मनीषा चक्रवर्ती
सीनियर कंसल्टेंट-पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी
मैरिंगो हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद

स्पेशल: वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे, 17 मई

बीते कुछ वर्षों में वयस्क और बुजुर्गों के अलावा बच्चे भी हाइपरटेंशन की गिरफ्त में आने लगे हैं। यह एक गंभीर समस्या है क्योंकि इससे बच्चों की फ्यूचर लाइफ प्रभावित हो सकती है। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि बच्चों में हाइपरटेंशन क्यों होता है, इसके क्या लक्षण हैं, इसका क्या उपचार है और इससे बच्चों को कैसे बचाया जा सकता है?

## सीरियस हेल्थ इश्यू चाइल्डहुड हाइपरटेंशन





पहले ऐसा माना जाता था कि हाइपरटेंशन बड़े और बुजुर्गों की बीमारी है, लेकिन आज के समय बच्चों में भी हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्या तेजी से बढ़ रही है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के हिसाब से जिस उम्र में बच्चों का समुचित विकास होना चाहिए, उस उम्र में उन्हें हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारी घेर रही है। विडंबना है कि ज्यादातर पैरेंट्स इसके लक्षणों को आए दिन होने वाली दूसरी बीमारी मानकर नजरअंदाज कर देते हैं और बीपी चेक कराने में लापरवाही करते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसी वजह से 9 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों में ब्लड प्रेशर हाई होने का पता नहीं चल पाता, जो भविष्य में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। यह गंभीर चिंता का विषय है।

**चिंताजनक हैं आंकड़े:** डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में हर 100 में से 7-8 बच्चे हाइपरटेंशन से जूझ रहे हैं। द लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंस हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार पिछले दो दशकों में बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के मामले लगभग दो गुने हो चुके हैं। वर्ष 2000 में जहां बच्चों में हाई बीपी का आंकड़ा करीब 2-3 प्रतिशत था, वहीं वर्ष 2020 तक यह बढ़कर 6 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया है। बच्चों को हाइपरटेंशन की समस्या किसी भी उम्र में (जन्मजात विकार होने पर नवजात शिशु में भी) हो सकती है। लेकिन सबसे ज्यादा 10-15 साल के बच्चे इसके शिकार होते हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार बचपन में हाइपरटेंशन होने से व्यक्ति के जीवन के अगले पांच दशकों में दिल की बीमारी से होने वाली मौत का जोखिम 40-50 प्रतिशत बढ़ सकता है।

**क्या होता है ब्लड प्रेशर:** असल में ब्लड प्रेशर का संबंध हमारे हार्ट से है। हार्ट हमारे शरीर में एक पंप के रूप में काम करता है और ब्लड का सर्कुलेशन पूरे शरीर में करता है। ब्लड सर्कुलेशन के समय ब्लड आर्टरीज या ब्लड वेसल्स में पड़ने वाले प्रेशर को ब्लड प्रेशर कहते हैं। जब हार्ट ब्लड को पंप करता है, तब प्रेशर ज्यादा होता है, जिसे सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहा जाता है। दूसरी हार्टबीट से पहले हार्ट रिलेक्स मोड में ब्लड अपने अंदर ले रहा होता है। तब ब्लड प्रेशर कम होता है जिसे डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहते हैं। शरीर की संरचना और आयु के हिसाब से ब्लड प्रेशर में अंतर होता है। ब्लड प्रेशर बीपी इंस्ट्रूमेंट, स्पिगनोमेनोमीटर इंस्ट्रूमेंट से मापा जाता है। इंस्ट्रूमेंट में आई ऊपर वाली रीडिंग सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर और नीचे वाली रीडिंग डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहलाती है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने बच्चों में हाइपरटेंशन मापने का अलग पैमाना सेट किया है। बच्चे की उम्र, लिंग और लंबाई के अनुसार अलग बीपी चार्ट बनाया गया है, जिसके आधार पर बच्चे का ब्लड प्रेशर की रेंज दी गई है। जैसे- नवजात शिशु में 60/40 मिमी. एचजी, एक साल में 80/60 मिमी. एचजी और उससे ऊपर नॉर्मल बच्चे में 90/60 मिमी. एचजी और 14-15 साल के बाद वयस्कों की नॉर्मल रेंज आ जाती है यानी 120/80 मिमी. एचजी। इनसे ज्यादा रेंज होने पर हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन की स्थिति मानी जाती है।

**ब्लड प्रेशर चेक कराना जरूरी:** अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के अनुसार आमतौर पर सभी बच्चे 3 साल की उम्र तक रेग्युलर चेकअप के लिए पिडियाट्रीशियन डॉक्टर के पास जाते हैं। अन्य चेकअप्स के साथ उनका बीपी मापना कंपल्सरी है। अगर बीपी ज्यादा आता है, तो समय-समय पर यानी दो-तीन महीने में चेक कराना जरूरी है, क्योंकि जरूरी नहीं कि हाई ब्लड प्रेशर के सिंप्टम्स भी दिखें। अकसर यह साइलेंट किलर की तरह शरीर में धीरे-धीरे बढ़ता रहता है और बच्चे की हालत बिगड़ने के बाद ही पता चल पाता है।

**हाई बीपी के लक्षण:** बच्चे को सिरदर्द होना या चक्कर आना, देखने में दिक्कत हो रही है, पैरों में दर्द, लेग-क्रैम्प्स होना, चलने या खेलने पर जल्दी थकान होना, पेट में दर्द होना, यूरिन करने में परेशानी होना, घबराहट होना, चिड़चिड़ापन होना, नींद न आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**क्या होते हैं कारण:** बच्चों में हाई बीपी के कई कारण हो सकते हैं जैसे-जेनेटिक या फैमिली हिस्ट्री होना। जन्मजात हार्ट की बनावट में खराबी होना जैसे- एओर्टा आर्टरीज (महाधमनी) में संकुचन होना। हार्ट मसल्स का कमजोर होना। हार्ट आर्टरीज पर प्रेशर पड़ने से उनके अंदर की लाइनिंग ब्लॉक होना। किडनी की आर्टरीज का ठीक से न बना होना या संकुचित होना। बुखार की वजह से शरीर की ब्लड वेसल्स में सूजन आना। गलत खान-पान जैसे- सोडियम रिच फास्ट या जंक फूड्स या फैटी फूड का अधिक सेवन, नमक का सेवन अधिक करना। अनियमित और आरामपरस्त जीवनशैली। फिजिकल एक्टिविटीज या रेग्युलर एक्सरसाइज की कमी। पढ़ाई और करियर को लेकर तनाव होना।



**क्या होता है असर:** बच्चे में अगर लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर रहता है, तो उसके कारण हार्ट में हाइपरट्रॉफी की समस्या हो जाती है। इसमें हार्ट मसल्स की थिकनेस बढ़ जाती हैं, जिससे हार्ट की पंपिंग पर असर पड़ता है या डायस्टोलिक फंक्शन धीरे-धीरे कम हो जाता है। ब्रेन, हार्ट, आइज, किडनी को नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है। बढ़ा हुआ बीपी धीरे-धीरे हार्ट की धमनियों पर दबाव डालता है, जिससे हार्ट डिजीज होने या हार्ट अटैक होने की आशंका रहती है। आर्टरीज फट सकती हैं और उनमें क्लॉटिंग होने से ब्रेन हैमरेज या ब्रेन स्ट्रोक हो सकता है। किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है।

**क्या है उपचार:** अगर ब्लड प्रेशर बार-बार हाई आ रहा हो या उसकी हार्ट की पंपिंग कम हो रही हो तो बच्चे को ज्यादा एक्टिविटीज करने से मना किया जाता है और उसे आईवी यानी नस के माध्यम से मेडिसिन दी जाती हैं। बच्चे के नॉर्मल होने पर ओरल लिक्विड मेडिसिन पानी में मिलाकर दी जाती है। साथ ही डॉक्टर मरीज को यथासंभव लाइफस्टाइल मॉडीफिकेशन करने की भी सलाह देते हैं जैसे- बीपी रेग्युलर चेक कराने, प्रोसेस्ड जंक फूड या ऑयली फूड से परहेज, कम नमक वाला खाना खाने, रेग्युलर कार्डियक एक्सरसाइज करना।

मेडिसिन आमतौर पर लंबे समय तक चलती हैं लेकिन कई मामलों में बच्चे का ब्लड प्रेशर नॉर्मल हो जाता है या फिर हार्ट की बनावट में सुधार होने या किडनी की बीमारी ठीक होने के बाद बीपी कंट्रोल में आ जाता है। ऐसी स्थिति में बच्चे की मेडिसिन डॉक्टर के सुपरविजन में धीरे-धीरे बंद कर दी जाती हैं। पैरेंट्स को रेग्युलर डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए। मेडिसिन लेने में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

### बच्चों को हाइपरटेंशन से बचाने के उपाय



रेग्युलर हेल्थ चेकअप और लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन से बच्चों को हाइपरटेंशन की गिरफ्त में आने से बचाया जा सकता है। फैमिली हिस्ट्री होने या प्रेगनेंसी के दौरान सामान्य अल्ट्रासाउंड में बच्चे के हार्ट की बनावट या मसल्स में थिकनेस होने की आशंका हो तो प्रेगनेंसी के 18-24 सप्ताह के बीच फीटल इकोकार्डियोग्राफी अल्ट्रासाउंड टेस्ट कराएं, ताकि पता चलने पर पैरेंट्स पहले ही केयरफुल हो सकें। अस्पताल से डिस्चार्ज होने से पहले पीडियाट्रिशियन डॉक्टर द्वारा नवजात शिशु के हार्ट या किडनी की बनावट और ब्लड प्रेशर की जांच जरूर की जानी चाहिए। सभी बच्चों का 3 साल से कम उम्र में ब्लड प्रेशर जरूर चेक कराएं। बच्चे का रुटीन चेकअप कराने या इम्यूनाइजेशन के लिए जाएं, तो उसका ब्लड प्रेशर जरूर चेक करवाएं। घर के बने संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें। यथासंभव बच्चों को फास्ट फूड, जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड, वसायुक्त आहार से दूर रखें। सीमित मात्रा में नमक का सेवन की आदत डालें। खासकर टेबल सॉल्ट यानी ऊपर से नमक मिलाना अवॉयड करें। बच्चों को ज्यादा नमक वाली चीजें जैसे- पैकेज्ड फूड, आचार, पापड़, चिप्स, बिस्कुट, नमकीन, सॉस कम दें। टीवी और मोबाइल स्क्रीन का समय सीमित करने, सेडेंटरी लाइफस्टाइल से दूर रहने और रोजाना क्षमतानुसार फिजिकल एक्टिविटीज वाले गेम खेलने या एक्सरसाइज करने के लिए बच्चों को प्रेरित करें। माता-पिता अगर हाई बीपी की समस्या से पहले से पीड़ित हैं, तो गर्भावस्था में बच्चे को इसका शिकार होने से बचाने के लिए डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**हर्बल जोन**

रेखा देशराज

## गर्मी में अमृत जैसा है पुदीना



इन दिनों देश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी खूब पड़ रही है। तेज धूप, लू के थपेड़े, बढ़ता तापमान और शरीर में पानी की कमी, ये सब ऐसी स्थितियां हैं जो कई शारीरिक समस्याएं पैदा कर देती हैं। इनमें पुदीना का सेवन कारगर है। यूं तो पुदीना कोई भी मौसम हो, यह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, लेकिन गर्मियों में तो मानो यह अमृत जैसा वरदान है। इसकी तासीर ठंडी होती है, जो गर्मियों में शरीर की गर्मी को शांत करने के लिए बहुत उपयोगी है। इसलिए पुदीने का इन दिनों तरह-तरह से उपयोग किया जा सकता है।

**जब तापमान बढ़ जाए:** गर्मी में कई बार शरीर का भी तापमान बढ़ जाता है। इस स्थिति को अगर काबू न किया जाए तो सिर्फ तबीयत खराब हो सकती है। जब किसी के शरीर में गर्मी बढ़ जाती है, तो उसे ठंडा करने के लिए पुदीने का कई तरह से उपयोग किया जाता है। पुदीने की शिकंजी पी सकते हैं। पुदीने के रस से शरीर की मालिश की जा सकती है। कच्चे आम के पने में ढेर सारी पुदीने की पत्तियां पीसकर मिला सकते हैं, जो शरीर के गर्म तासीर को ठंडा करती हैं। पुदीने को पीसकर या इसकी चटनी बनाकर शर्बत के साथ पेट भरकर पीने से राहत मिलती है। दिन में छह-सात पुदीने की शिकंजी पी लेने से गर्मी दूर हो जाती है।

**डिहाइड्रोशन से बचाव:** गर्मियों में पसीना बहुत आता है, पसीना आने से शरीर में पानी कम हो जाता है। इससे डिहाइड्रोशन की समस्या हो जाती है। ऐसी स्थिति में भी पुदीने का शर्बत, पुदीने की शिकंजी रामबाण की तरह कारगर साबित होती है। यह न केवल शरीर को हाइड्रेट रखता है बल्कि शरीर के इलेक्ट्रोलाइट संतुलन को बनाए रखने में भी मदद करता है।

**पेट दर्द से राहत:** गर्मी में अकसर भूख कम लगती है और रह-रहकर पेट दर्द होता है। वास्तव में यह कमजोर पाचनतंत्र का नतीजा होता है। ऐसे में पुदीने के अर्क को बतासे के साथ या शिकंजी के साथ लेने से पेट का दर्द खत्म हो जाता है। पाचनतंत्र मजबूत होता है, जिससे भूख लगने लगती है। पुदीना पाचन को बेहतर तो बनाता ही है, यह शरीर को गैस और एसिडिटी से भी राहत देता है।

**त्वचा का रखवाला:** गर्मी में जहां पुदीना पेट और पाचन संबंधी कई समस्याओं से राहत देता है, वहीं गर्मी में शरीर की सूखी, मुरझायी और झुलस गई त्वचा के लिए भी यह बहुत काम की हर्ब है। चूंकि पुदीना त्वचा को ठंडक देता है, जिस कारण त्वचा में नमी बनी रहती है। यह त्वचा को साफ और स्वस्थ रखने में बहुत मददगार है। *

**डॉक्टर्स सजेशन**

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब बार-बार हो गले में इंफेक्शन



**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मेरी आवाज अकसर बैठ जाती है। गले में खराश और दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई परमानेंट सॉल्यूशन बताएं।**

**-रोहित, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपका गला बहुत ही ज्यादा सेंसिटिव है और थोड़ा-सा भी ठंडा-गर्म होने पर समस्या शुरू हो जाती है। इसलिए बगैर फिजिकली देखे तो कुछ भी ट्रीटमेंट बताना ठीक नहीं होगा। एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वो फिजिकल गले की जांच करेंगे, अगर जरूरत पड़ी तो कुछ टेस्ट भी कराएंगे और फिर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। फिलहाल आप फ्रिज में रखी या बाजार में मिलने वाले ठंडे आइटम बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। छह महीने पहले मेरे पैर में हेयरलाइन फ्रेक्चर हुआ था। बैंडेज उतरने के बाद फिजियोथेरेपिस्ट से एक्सरसाइज भी किया था। अब भी फ्रेक्चर वाली जगह पर दर्द होता है और चलने-फिरने में भी तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-महेंद्रपाल, हिसार**

आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। वो दोबारा से उसी जगह का एक्सरे कराएंगे, जिससे पता चलेगा हड्डी ठीक से जुड़ी है या नहीं। दर्द का क्या कारण है। बगैर एक्स-रे कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक चलना-फिरना बिल्कुल ना करें, ना ही वजन उठाएं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं। और स्किन भी सूजी हुई है। कई तरह की होम-रेमिडीज ट्राई करने पर भी कोई असर नहीं हुआ। कृपया इसका कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जीवन, महासमुंद**

आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच करानी चाहिए। कई बार शरीर में खून की कमी की वजह से इस तरह की परेशानी आती है। अगर आपका एचबी नॉर्मल है तो डॉक्टर फिजिकली चेकअप कर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क किए बाजार से कोई भी दवा ना लें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। देर तक बैठने के बाद मेरे घुटनों में जकड़न महसूस होने लगती है और चलने-फिरने पर घुटनों से टक-टक की आवाज आती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-रमेश, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपके जॉइंट्स में गैप बढ़ रहा है, यह उम्र के साथ बढ़ता है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। इसका स्थाई समाधान एक्सरसाइज से होगा। इसके अलावा मौजूदा समय में विटामिन-डी की कमी भी लोगों में एक बड़ी वजह बन रही है। इसलिए आपको विटामिन-डी की दवा भी लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। मैं अकसर कहीं रखी गई कोई चीज या बोली या सुनी हुई बात तुरंत ही भूल जाता हूं। प्लीज बताएं ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका समाधान भी बताएं।**

**-कमलेंद्र, रायगढ़**

कुछ लोगों में उम्र बढ़ने के साथ मेमोरी लॉस की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आप ऐसे गेम खेलें, जिसमें दिमाग की एक्सरसाइज अधिक हो। इसका तरीका यही है, इससे आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। गर्मी के मौसम में मुझे पसीना बहुत आता है, अकसर बीपी लो हो जाता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका कोई उपचार बताएं।**

**-सुशांत, रायपुर**

गर्मी के मौसम में पसीना अधिक निकलता है, इसलिए बीपी लो की समस्या हो सकती है। इससे बचने के लिए आप अधिक से अधिक पानी पिएं और कोशिश करें कि तेज धूप में ना निकलें और निकलना ही है तो साथ में पानी की बोतल रखें और हर घंटे के अंतराल में पीते रहें। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



# प्लेऑफ की जंग : टॉप-2 के लिए जीटी-आरसीबी में भिड़ंत, रेस में चेन्नई शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के सही समय पर फॉर्म में लौटने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग प्लेऑफ के 4 स्थानों के लिए अब 8 टीमें दौड़ में हैं जबकि लीग चरण के दस दिन बाकी हैं। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस का प्लेआफ में पहुंचना तय लग रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद ने भी धीमी शुरुआत के बाद अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन सबसे हैरानी की बात पंजाब किंग्स का अचानक खराब प्रदर्शन है। अच्छी शुरुआत के बाद टीम लगातार चार मैच हार चुकी है। मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स बाहर हो चुके हैं।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम ने उस निरंतरता को बरकरार रखा है, जिसके दम पर उसने पिछले साल पहली बार आईपीएल खिताब जीता था। अब तक 11 मैचों में 14 अंक ले चुकी आरसीबी का नेट रनरेट सबसे बेहतर है। केकेआर के बाद उसे पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है।

### पंजाब किंग्स

आईपीएल के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन के कारण टीम अभी भी अंतिम चार में है। उसका नेट रन रेट भी ठीक है। अब उसे मुंबई इंडियंस, आरसीबी और सनराइजर्स के खिलाफ बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे। उसके 11 मैचों में 13 अंक है और धर्मशाला में मुंबई के खिलाफ मैच हर हालत में जीतना होगा।

### गुजरात टाइटंस

चार साल पहले पदार्पण के बाद से गुजरात सिर्फ एक बार प्लेआफ में नहीं पहुंची है। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और शीर्ष तीन बल्लेबाजों के फॉर्म के दम पर शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम शीर्ष दो में जगह बनाने की दावेदार है। आखिरी दो मैच केकेआर तथा चेन्नई सुपर किंग्स से खेलने हैं।

### क्वालीफाइंग दौड़ में शामिल 8 टीमों के समीकरणों का जायजा




### राजस्थान रॉयल्स

4 जीत के साथ शुरुआत करने वाली आरआर पिछले 7 में से 5 मैच हार गई। 12 अंक लेने वाले रॉयल्स को अगले तीन में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे और बाकी परिणाम भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। उसे बाकी मैचों में दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जाइंट्स और मुंबई से खेलना है।

### दिल्ली कैपिटल्स

अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली ने अगले सत्र की योजना बनानी शुरू कर दी है। उसके 12 मैचों में 14 ही अंक है और वह प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर ही है।

### सनराइजर्स हैदराबाद

पिछले आठ मैचों में छह जीत के बाद सनराइजर्स सही समय पर फॉर्म में लौटी है। बल्लेबाजों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है और गेंदबाज भी पीछे नहीं रहे हैं। सनराइजर्स के 14 अंक है और अगले दो मैचों में उसे चेन्नई और आरसीबी से खेलना है। उसे प्लेआफ में पहुंचने के लिए कम से कम दो अंक और बनाने होंगे।

### चेन्नई सुपर किंग्स

पहले तीन मैच हारने के बाद चेन्नई ने पिछले 8 में से 6 मैच जीते हैं। उसे 15 मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ दो अंक लेने होंगे, जिसके बाद सनराइजर्स और गुजरात से आखिरी दो मैच खेलने हैं। अगले दस दिन में चेन्नई को तीनों मैच जीतने होंगे क्योंकि इस बार 18 अंक प्लेआफ क्वालीफिकेशन की गारंटी लग रहे हैं।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

केकेआर पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी लेकिन लगातार 6 हार के बाद पिछले 4 मैच जीतकर ढर्रे पर लौटी। उसके पास दूसरी टीमों से एक मैच अधिक है और अधिकतम 17 अंक मिल सकते हैं। केकेआर को आखिरी तीनों मैच ईडन गार्डंस पर खेलने हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 16 |
| गुजरात | 12 | 8 | 4 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| पंजाब | 11 | 6 | 4 | 13 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 5 | 7 | 10 |
| कोलकाता | 11 | 4 | 6 | 9 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |
| लखनऊ | 11 | 3 | 8 | 6 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



हेनरिक क्लासेन
508 रन
हैदराबाद

भुवनेश्वर कुमार
22 विकेट
बेंगलुरु

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हराया

# कोहली का 9वां आईपीएल शतक, 'आरसीबी 'नंबर-1'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विराट कोहली की शतकीय पारी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स (आरसीबी) ने बुधवार को आईपीएल के 57वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के विरुद्ध 6 विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ आरसीबी प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं आईपीएल में कोहली का यह 9वां शतक रहा।

शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम रायपुर में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 192 रन बनाए। इस टीम ने 48 के स्कोर तक फिन एलन (18) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (19) के रूप में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए थे।

अंगकृष रघुवंशी ने कैमरुन ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 गेंदों में 68 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूती दिलाई। कैमरून 24 गेंदों में 1 छक्के और 3 चौकों के साथ 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद अंगकृष ने रिंकू सिंह के साथ चौथे विकेट के लिए 46 गेंदों में 76 रन जुटाकर केकेआर को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। रिंकू 29 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 49 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अंगकृष ने 46 गेंदों में 71 रन बनाए। विपक्षी खेमे से भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड और रासिख सलाम डार ने 1-1 विकेट हासिल किया।




### आरसीबी ने 19.1 ओवर में किया मुकाबला अपने नाम

विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने 19.1 ओवर में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस टीम को जैकब बेथेल और विराट कोहली की सलामी जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 20 गेंदों में 37 रन जुटाए। इसके बाद कोहली ने देवदत्त पड्डिकल के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 59 गेंदों में 92 रन की साझेदारी की। पड्डिकल 27 गेंदों में 7 चौकों के साथ 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद कोहली ने कप्तान रजत पाटीदार (11) के साथ 28 रन, जबकि टिम डेविड (2) के साथ 23 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत के करीब पहुंचाया। इन खिलाड़ियों के पवेलियन लौटने के बाद विराट कोहली ने मोर्चा संभाला, जिन्होंने 58 गेंदों में अपना 9वां आईपीएल शतक पूरा किया। कोहली ने 60 गेंदों में 3 छक्कों और 11 चौकों के साथ 105 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से कार्तिक त्यागी ने सर्वाधिक 3 विकेट निकाले। सुनील नरेन को 1 विकेट हाथ लगा।

### कोहली ने धोनी और रोहित को पछाड़ा

- विराट कोहली- 279 मैच
- एमएस धोनी- 278 मैच
- रोहित शर्मा- 278 मैच
- रविंद्र जडेजा- 265 मैच
- दिनेश कार्तिक- 257 मैच

### किंग का आईपीएल करियर का 9वां शतक

रायपुर में विराट कोहली ने अपने आईपीएल करियर का 9वां शतक लगाया। वहीं टी20 में उनके अब 10 शतक हो गए हैं। विराट कोहली ने महज 58 गेंद पर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और 3 छक्के लगाए। विराट कोहली ने 60 बॉल पर नाबाद 105 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का एवं बो हेजलवुड | 19 | 13 | 3 | 1 |
| एलन का जितेश बो भुवनेश्वर | 18 | 8 | 3 | 1 |
| अंगकृष रघुवंशी रन आउट | 71 | 46 | 7 | 3 |
| ग्रीन बो रसिख सलाम | 32 | 24 | 3 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 49 | 29 | 3 | 2 |

अतिरिक्त : 03, कुल योग : 20 ओवर में 192/4 रन
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-34-1, डफी 4-0-48-0, हेजलवुड 4-0-35-1, सलाम 4-0-35-1, कृणाल 4-0-39-0

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बेथेल का एवं बो त्यागी | 15 | 12 | 2 | 1 |
| विराट कोहली नाबाद | 105 | 60 | 11 | 3 |
| पडीक्कल का रहाणे बो त्यागी | 39 | 27 | 7 | 0 |
| पाटीदार का रहाणे बो नारायण | 11 | 8 | 0 | 1 |
| टिम डेविड का पांडे बो त्यागी | 02 | 3 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 08 | 5 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 14, कुल योग : 19.1 ओवर में 194/4 रन
गेंदबाजी : सौरभ दुबे 2.1-0-21-0, वैभव अरोड़ा 4-0-48-0, कार्तिक त्यागी 4-0-32-3, सुनील नारायण 4-0-31-1, कैमरन ग्रीन 2-0-22-0, अनुकूल रॉय 3-0-36-0

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# टॉप 10 में जायसवाल-गिल बुमराह की बादशाहत कायम



एजेंसी ▶▶ दुबई

तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने जारी आईसीसी की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल बल्लेबाजों की सूची में क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान जो रूट 880 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। जायसवाल के 750 अंक हैं। गिल को एक स्थान का फायदा हुआ है और उनके 730 अंक हैं। हैरी ब्रूक इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं जबकि उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ का नंबर आता है।

### 12वें पायदान पर सिराज

भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत 2026 में अब तक एक भी मैच नहीं खेला है। टीम ने अपनी पिछली श्रृंखला स्वदेश में नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली थी। गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर चल रहे बुमराह के 879 अंक हैं। इस सूची में अगला सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज हैं, जो 12वें पायदान पर हैं। रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस एक-एक स्थान के फायदे से क्रमशः दूसरे और चौथे पायदान पर हैं। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी तीसरे स्थान पर हैं।

## खबर संक्षेप



### भारोतोलन चैंपियनशिप : ज्ञानेश्वरी ने जीते दो पदक

**गांधीनगर।** भारोतोलक ज्ञानेश्वरी यादव ने 2026 एशियाई सीनियर भारोतोलन चैंपियनशिप में 53 किग्रा वर्ग में रजत और कांस्य पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। ज्ञानेश्वरी ने स्नैच वर्ग में रजत और फिर इसी स्पर्धा में कुल 194 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। चीन की जिनलान झाओ ने कुल 216 किग्रा भार उठाकर इस वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की होआई हुओंग गुयेन को कुल 195 किग्रा वजन उठाने पर रजत पदक मिला। कोमल कोहर ने महिलाओं की 48 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पदकों का खाता खोला था

### सारा टेलर बनीं इंग्लैंड पुरुष टीम की कोच

**लंदन।** इंग्लैंड की पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज सारा टेलर इंग्लैंड की सीनियर पुरुषों की टीम के साथ काम करने वाली पहली महिला बनने जा रही हैं। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया है। सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर्स में शुमार सारा टेलर इस घरेलू सीरीज के दौरान शॉर्ट-टर्म फील्डिंग कोच के तौर पर काम करेंगी, जबकि नियमित कोच कार्ल हॉपकिंसन आईपीएल में मुंबई इंडियंस के साथ व्यस्त हैं। यह भूमिका टेलर के कोचिंग करियर में एक और माइलस्टोन है, जिन्होंने काउंटी और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में विभिन्न पदों पर काम किया है, जिसमें ससेक्स काउंटी क्रिकेट क्लब और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स शामिल हैं।



### गुहान-संदेश ने जीती राष्ट्रीय चैंपियनशिप

**चेन्नई।** गुहान सेंथिलकुमार और संदेश पीआर की तमिलनाडु की जोड़ी ने तीसरी एचसीएल राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सेंथिलकुमार और संदेश की जोड़ी ने पहले दौर में नमन सुराणा और प्रणव अग्रवाल को 11-1 11-2 से हराया। पुरुष युगल में वेलावन सेंथिकुमार ने अभय सिंह जबकि मिश्रित युगल में अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ जोड़ी बनाई है।

## महिला टी20 विश्व कप

# ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड का ऐलान मोलिनक्स होंगी कप्तान

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का ऐलान कर दिया गया है। स्क्वॉड में 15 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। कप्तानी सोफी मोलिनक्स करेंगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम में बाएं हाथ की अनुभवी तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को जगह दी गई है, जबकि डार्सी ब्राउन को बाहर कर दिया गया है। टीम में एश्ले गार्डनर, ताहलिया मैकग्राथ, एलिस पेरी, और बेथ मूनी जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। हैमिल्टन ऑस्ट्रेलियाई टीम के 7 गेंदबाजी विकल्पों में से एक हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम में गेंदबाजी के विकल्पों में मेगन शुट्ट, किम गार्थ, एनाबेल सदरलैंड, मैकग्राथ, पेरी और निकोला कैरी शामिल हैं।



### एलिस पेरी विश्व कप में करेंगी अपने 50 मैच पूरे

सदरलैंड टीम में वापस आ गई हैं। 2009 से लगातार टी20 विश्व कप खेल रहीं एलिस पेरी विश्व कप में इस बार अपने 50 मैच पूरे करेंगी। निकोला कैरी 2020 के बाद अपना पहला टी20 विश्व कप खेलेंगी, तीन साल नेशनल टीम से बाहर रहने के बाद इस साल की शुरुआत में नेशनल टीम में लौटी हैं। अलाना किंग भी टीम में शामिल हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ताहलिया विल्सन को ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर शामिल किया गया है।

# थाईलैंड ओपन : श्रीकांत, सिंधू और लक्ष्य जीते

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और किदाम्बी श्रीकांत थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में बुधवार को सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए जबकि इस 5 लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों के लिए दिन मिश्रित सफलता वाला रहा।

सिंधू ने चीनी ताइपे की तुंग सियु तोंग को 21-9 21-12 से हराया। लक्ष्य ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन को 21-16 21-17 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। श्रीकांत ने लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराकर उलटफेर किया। श्रीकांत का सामना प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के सू लि यांग से होगा जबकि सिंधू डेनमार्क की अमेली शूल्ज से खेलेंगी।



विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता थॉमस कप के दौरान लगी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वह चीनी ताइपे के वांग पो वेई और चीन के झू शुआन चेन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

### मालविका ने झेंग को हराया

देविका सिहाग ने कड़े मुकाबले में दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी जापान की नात्सुकी निदाइरा को एक घंटे 11 मिनट में 21-19 13-21 21-15 से शिकस्त दी। एक अन्य मैच में मालविका बंसोड़ ने कनाडा की वेन यू झेंग को 13-21 26-24 21-13 से हराया लेकिन तन्वी शर्मा को जापान की हीना अकेची के खिलाफ 17-21 8-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# इटैलियन ओपन : कोको ने मिरा को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ रोम



अमेरिका की कोको गॉफ ने रूस की मिरा एंड्रीवा को हराकर इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दुनिया की नंबर 3 खिलाड़ी कोको गॉफ को नंबर 8 सीड एंड्रीवा के खिलाफ तीसरे सेट में लगभग 5-1, दो-ब्रेक की बढ़त के साथ, 4-6, 0-2, 6-4 से जीत हासिल करने के लिए पांच मैच पॉइंट्स की जरूरत पड़ी। एंड्रीवा ने पहले सेट में 3-1 की बढ़त बनाई और कई बार इसे अच्छे से संभाला। पहले सेट में, एंड्रीवा ने 10 विनर और सिर्फ सात अनफोर्स्ड एरर के साथ खत्म किया, और गॉफ के लिए इसका उल्टा हुआ।

### सेमीफाइनल में स्वियातेक की एंट्री

इगा स्वियातेक ने क्ले कोर्ट पर अपना दबदबा दिखाते हुए जेसिका पेगुला को 6-1, 6-2 से मात दी। स्वियातेक ने लगातार बेसलाइन कंट्रोल और बेहतरीन सर्विस की बदौलत पेगुला को सिर्फ 66 मिनट में मात दी, जिसके साथ स्वियातेक ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

**SBI भारतीय स्टेट बैंक** मो: 9779852159
एचएलसी भिलाई, एस.बी.आई. परिसर, सेक्टर-01, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**चल संपत्ति हेतु ई-नीलामी सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल संपत्ति (वाहन) के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित वाहन जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी हैं, का भौतिक कब्जा भारतीय स्टेट बैंक प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्न वर्णित उधारकर्ता से भारतीय स्टेट बैंक प्रतिभूत लेनदार बकाया राशि एवं उस पर देय ब्याज व अन्य खर्चों की वसूली हेतु दिनांक **26.05.2026 (विक्रय की तारीख) को समय प्रातः 11.00 से सायं 4 बजे** तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) बेचा जाएगा.

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय: 26/05/2026, सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक**

| क्र. | उधारकर्ता का नाम | वाहन का विवरण | आरक्षित मूल्य / अग्रिम जमा राशि / बोली वृद्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री भूपेन्द्र कुमार पटेल पिता श्री नरसिंग पटेल, मकान नं.- 72K, राधा कृष्ण मंदिर के पास, ग्राम-गुवारा, पोस्ट-हतरंका, बेमेतरा, छत्तीसगढ़-491338 | टाटा अल्ट्रोज़ एक्सएम 1.2 पी बीएस 6 पीएच 2, रंग: आर्केड ग्रे, रजिस्ट्रेशन नं.:- CG04QC7959, इंजन नंबर: REVTRN 20AUXM08885, चेसिस नंबर: MAT632280SPA09476, रजिस्ट्रेशन तिथि: 23-01-2025 | ₹4,10,000/- / ₹ 41,000/- / ₹ 1,000/- |

**वाहन के निरीक्षण का दिनांक एवं समय: 25.05.2026 सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक**
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 26.05.2026, समय: दोपहर 3.00 बजे तक**

इच्छुक बोली लगाने वाले/ खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता **Baanknet** के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल **https://baanknet.com** में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वालेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। नीलामी के पूर्व रजिस्ट्रेशन, केवायसी दस्तावेजों का सत्यापन और वालेट में ईएमडी जमा अग्रिम रूप से किया जाना चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार कमर्शियल वाहन पर कोई अन्य भार नहीं है, फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व कमर्शियल वाहन से संबंधित किसी भी भार के विषय में संबंधित कार्यालय/ विभाग से जानकारी प्राप्त करें। कमर्शियल वाहन से संबंधित निर्णय निविदादाता को स्वविवेक से लेना होगा। सभी वैधानिक / गैर-सांविधिक बकायों, करों, दरों, निर्धारणों, प्रभारों, शुल्को आदि का भुगतान, जो किसी प्राधिकारी या किसी को देय हो, का भुगतान केवल सफल बोली लगाने वाले की ही जिम्मेदारी होगी। ई-नीलामी **"जहां है जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर एवं ऑनलाईन होगी। ई-नीलामी की प्रक्रिया बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता **Baanknet द्वारा वेब पोर्टल https://baanknet.com के माध्यम से संचालित की जावेगी**। विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाइटों पर अवलोकन करें - **www.baanknet.com / www.sbi.co.in**.

दिनांक: 14.05.2026, स्थान- भिलाई — प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक


## रोनाल्डो ने किए पुर्तगाल के लिए 226 मैच में 143 गोल

# रोनाल्डो कभी नहीं जीत पाए विश्व कप, ये आखिरी मौका

एजेंसी ▶▶ लिस्बन

पिछले दो दशक से भी अधिक समय से फुटबॉल जगत में अपने पांव का जादू बिखरने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो अभी तक विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा नहीं बन पाए हैं और 41 साल की उम्र में अब उनके पास इस खेल की सबसे बड़ी ट्रॉफी जीतने का आखिरी मौका होगा।

पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी ने लगभग हर ट्रॉफी अपने नाम की है लेकिन वह कभी विश्व कप नहीं जीत पाए। पांच बार बैलन डीओर विजेता रोनाल्डो ने पुर्तगाल के लिए 226 मैच में 143 गोल किए हैं, जो विश्व रिकार्ड है। रोनाल्डो अगर चोटिल नहीं होते हैं तो उनका विश्व कप की टीम में शामिल होना निश्चित है।



### 12 साल बाद खेलेंगे अमेरिका में

अगर वह विश्व कप में खेलते हैं तो वह 2014 में मिशिगन में रियाल मैड्रिड की तरफ से मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ खेले गए मैच के बाद पहली बार अमेरिकी धरती पर खेलेंगे। रोनाल्डो इस तरह से अर्जेंटीना के अपने प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के साथ छह विश्व कप में खेलने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन सकते हैं। रोनाल्डो ने नवंबर में बताया था कि यह विश्व कप 'निश्चित रूप' से उनका आखिरी विश्व कप होगा।

### विश्व कप में ग्रुप के में पुर्तगाल

पुर्तगाल को विश्व कप में ग्रुप के में रखा गया है, जहां उसका सामना कोलंबिया, उज्बेकिस्तान और कांगो से होगा। इसे देखते हुए पुर्तगाल का अगले दौर में पहुंचना लगभग निश्चित लग रहा है। पुर्तगाल विश्व रैंकिंग में भले ही पांचवें स्थान पर काबिज हो, लेकिन पिछले साल नवंबर में क्वालीफाइंग में आयरलैंड के हाथों 2-0 की हार ने टीम को करारा झटका दिया था।




# हजारों साल पुरानी ममी के पेट से निकला रहस्यमयी कागज

**काहिरा।** इतिहास की परतों में न जाने कितने ऐसे रहस्य दबे हैं, जो आज भी इंसानी दिमाग को चकरा देते हैं। हाल ही में मिस्र के अल-बहासा में पुरातत्वविदों को एक ऐसी ममी मिली है, जिसने अब तक की सभी मान्यताओं को हिलाकर रख दिया है। आमतौर पर जब भी कोई प्राचीन ममी मिलती है, तो उसके साथ जादुई मंत्र या धार्मिक ग्रंथ पाए जाते हैं, ताकि परलोक में उसकी आत्मा को शांति मिले।

इसके अलावा सोने-चांदी के गहने-जेवरात भी होते हैं। लेकिन, इस बार वैज्ञानिकों के हाथ कुछ ऐसा लगा, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। इस ममी के पेट के अंदर से एक प्राचीन कागज (पपायरस) निकला, जिस पर दुनिया की सबसे मशहूर युद्ध कथाओं में से एक का हिस्सा लिखा हुआ था। जांच के दौरान शोधकर्ताओं ने पाया कि ममी के पेट में दबा यह कागज असल में महान कवि होमर की सुप्रसिद्ध रचना 'इलियड' का एक अंश है।



### कई चौंकाने वाले राज सामने आए

ममी के अंदर किसी साहित्यिक कविता का होना यह संकेत देता है कि उस समय के लोगों के लिए साहित्य का महत्व सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि उसे परलोक की यात्रा के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता था। इस खुदाई के दौरान सिर्फ यह अनोखी ममी ही नहीं मिली, बल्कि कई और चौंकाने वाले राज भी सामने आए हैं। पुरातत्वविदों को ऐसी ममी भी मिली हैं, जिनकी जीभ सोने की बनी हुई थी. प्राचीन मिस्र के लोगों का मानना था कि सोने की जीभ लगाने से मृत व्यक्ति मरने के बाद देवताओं से बात कर पाएगा. इसके अलावा वहां से सजे हुए ताबूत और कई प्राचीन कलाकृतियां भी बरामद की गई हैं, जो उस दौर की आलीशान जीवनशैली और उनकी अजीबोगरीब धार्मिक मान्यताओं को उजागर करती हैं।

### दुनिया में अपनी तरह का पहला मामला

इसमें प्राचीन यूनानी सेनाओं और उनके जहाजों का विस्तृत विवरण दिया गया है, जो पौराणिक ट्रोजन युद्ध की ओर बढ़ रहे थे। पुरातत्वविदों के लिए यह खोज किसी चमत्कार से कम नहीं है, क्योंकि पूरी दुनिया में यह अपनी तरह का पहला मामला है, जहां किसी ममी के शरीर के भीतर से कोई साहित्यिक कृति बरामद हुई हो। इस खोज ने प्राचीन काल में शवों को दफनाने की परंपराओं पर एक नई बहस छेड़ दी है। इस रहस्यमयी पपायरस को हाल ही में की गई खुदाई के दौरान निकाला गया था। वैज्ञानिकों की टीम ने जब ग्रीक भाषा में लिखे इस पाठ का अध्ययन किया, तो वे दंग रह गए कि हजारों साल बाद भी यह सुरक्षित कैसे रहा। आमतौर पर ममी बनाने की प्रक्रिया के दौरान शरीर को रसायनों से भरा जाता है, लेकिन इस ममी को अनोखे तरीके से दफनाया गया।

**तरीका**

कपड़े प्लास्टिक की थैलियों में पैक कर लगा देते हैं छलांग

# यहां ऑफिस खत्म होते ही पानी में कूद जाते हैं लोग

दुनिया के अलग-अलग देशों में लोग अपने रोजमर्रा के कामों को आसान बनाने के लिए नए-नए तरीके अपनाते रहते हैं। लेकिन, स्विट्जरलैंड से सामने आया एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियो में लोग ऑफिस खत्म होते ही सड़कों या बस-ट्रेन की भीड़ से बचने के लिए सीधे नदी में कूदते नजर आ रहे हैं और तैरकर अपने घर पहुंचते हैं।

**बर्न।** भारत में जहां ऑफिस खत्म होने के बाद ट्रैफिक और पब्लिक ट्रांसपोर्ट में भारी भीड़ देखने को मिलती है, वहीं स्विट्जरलैंड के कुछ शहरों में लोगों ने इस समस्या का अनोखा समाधान ढूंढ लिया है। यहां के लोग नदी को ही अपना रास्ता बना लेते हैं। ऑफिस से निकलते ही वे सीधे नदी किनारे पहुंचते हैं और बिना समय गंवाए पानी में छलांग लगा देते हैं।

### घर से करके आते हैं तैयारी

इस पूरे तरीके में सबसे दिलचस्प बात यह है कि लोग अपने कपड़ों और जरूरी सामान को सुरक्षित रखने के लिए खास तरह के वॉटरप्रूफ बैग या प्लास्टिक की थैलियों का इस्तेमाल करते हैं। वे अपने कपड़ों को उसमें पैक करते हैं और उसे अपने साथ बांधकर या पकड़कर तैरते हुए आगे बढ़ते हैं। इस तरह उनके कपड़े भी सुरक्षित रहते हैं और वे आराम से अपने घर तक पहुंच जाते हैं। यह तरीका ना सिर्फ समय बचाने में मदद करता है, बल्कि पैसे की भी बचत करता है। बस, ट्रेन या टैक्सी का किराया देने की जरूरत नहीं पड़ती। साथ ही, यह एक तरह की एक्सरसाइज भी बन जाती है, जिससे लोग फिट भी रहते हैं। हालांकि, यह सुनने में जितना रोमांचक लगता है, उतना ही जोखिम भरा भी हो सकता है, इसलिए इसे हर जगह अपनाना आसान नहीं है।

**तैरकर जाते हैं घर!**



### गर्मियों का बेस्ट हैक

बताया जा रहा है कि यह ट्रेंड खासतौर पर स्विट्जरलैंड के शहरों में देखने को मिलता है, जहां साफ और सुरक्षित नदियां बहती हैं। वहां पानी का बहाव नियंत्रित होता है और लोग तैरने में माहिर होते हैं, इसलिए वे इस तरीके को अपनाने में सहज महसूस करते हैं। स्थानीय प्रशासन भी कुछ जगहों पर इसे नियंत्रित और सुरक्षित बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करता है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को लाखों लोग देख चुके हैं और इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोग इसे बेहद स्मार्ट और मजेदार तरीका बता रहे हैं, तो कुछ लोग इसे खतरनाक मानते हुए सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। कई यूजर्स ने मजाक में यह भी कहा कि अगर ऐसा तरीका भारत में अपनाया जाए, तो शायद ट्रैफिक की समस्या काफी हद तक कम हो जाए।

# इंसानों जैसी है इस बंदर की दाढ़ी, झाड़ता है रौब, लट्टू हो जाती हैं बंदरिया!

**न्यूयॉर्क।** अमेजन के घने वर्षावनों में एक ऐसा अनोखा बंदर रहता है, जिसे देखकर कोई भी हैरान रह जाता है। इसका नाम है बियर्डेड साकी मंकी। इसकी सबसे खास पहचान इसकी घनी और लंबी दाढ़ी है, जो बिल्कुल इंसानों जैसी दिखती है। खासकर नर बंदरों की दाढ़ी इतनी प्रभावशाली होती है कि वे इसे दिखाकर जंगल में रौब झाड़ते हैं और मादाएं इनकी दाढ़ी देखकर लट्टू हो जाती है। बियर्डेड साकी मंकी दक्षिण अमेरिका के अमेजन वर्षावन में पाया जाता है। नर बंदरों के चेहरे पर घनी काली दाढ़ी होती है, जो काफी लंबी और घनी होती है। सिर के ऊपर दो गेंद जैसे बालों के गुच्छे होते हैं जो उन्हें और भी अनोखा लुक देते हैं। ये बंदर मध्यम आकार के होते हैं। इनका वजन लगभग ढाई से साढ़े तीन किलोग्राम तक होता है।









Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st May 2026. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 31st May 2026. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 9755887766; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; AARANG: V Shree Honda - 9993908971; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHATGAON: Kiran Honda 9753264986; BHILAI: Aan Honda (Nehru Nagar) - 8518020999; Aan Honda (Powerhouse) - 8518020777; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 9406082344; Shri Subh Honda (Balod) - 9425564232; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONGARGARH: Gagan Honda - 9425560030; DURG: Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda - 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto - 9575569608; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000; GURUR: Baba Honda - 9827936712; Shri Ji Honda - 7000167266; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 8435090005; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; KANKER: Shivnath Honda - 7970005301; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; NARAYANPUR: Shri Ji Honda - 9406341563; SUKMA: Akash Honda - 9424287457; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; LAWAN: Kiran Honda 8889415022; SANDI: Kiran Honda 9039006981; LIMTARA: Mahalaxmi Honda - 7047015877; SARSIWA: Pratham Honda - 8770799808; SIMGA: Shiv Honda - 8319973368; SUHELA: Rajju Honda - 8819986810; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000; NAGRI: Nahta Honda - 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PALARI: Shri Ram Honda - 9669537645; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932; PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 9425559359; Manraj Honda - 8435999991; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com